हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 10 मई 2024

12 गर्मी में बढ़ी देशी फ्रिज की डिमांड, मिट्टी नहीं मिलने से कुम्हार परेशान



12 सलीमपुर की बेटी नीरू यादव ने किया यूएन में देश का प्रतिनिधित्व, ...



भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा सीट

# 17 उम्मीदवारों के बीच होगा लोस का चुनावी रण, हर बूथ पर लगेंगी 2 बैलेट यूनिट मशीन

## इनेलो को छोड़ भाजपा, कांग्रेस, जजपा, बसपा सहित सभी प्रमुख पार्टियों ने उतारे उम्मीदवार, 8 निर्दलीयों में एक महिला भी लड़ रही चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा आम चुनाव के लिए 17 प्रत्याशी मैदान में आ गए है। वीरवार को इन 17 प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए गए। इनमें नौ प्रत्याशी अलग-अलग पार्टी और आठ प्रत्याशी निर्दलीय के तौर पर किस्मत आजमाएंगे। दूसरी अहम बात यह है कि बैलेट यूनिट मशीन में अधिकतम 15 प्रत्याशी व एक नोटा का ही बटन है। यहां 17 प्रत्याशी हो गए। ऐसे में अब हर बूथ पर एक की बजाय दो बैलेट यूनिट मशीन रखी जाएगी। पहली बैलेट यूनिट में 16 प्रत्याशी और दूसरी बैलेट यूनिट मशीन में पहले नंबर पर 17वां प्रत्याशी, उसके बाद 18वें नंबर पर नोटा का बटन होगा। लोकसभा में बूथों की बात करें तो 1933 बूथ (महेंद्रगढ़ में 768, चरखी दादरी में 482 व भिवानी जिला में 683 बूथ) है। इस हिसाब से अब 1933 की दोगुना 3866 बैलेट यूनिट मशीन (बीयू) का इस्तेमाल होगा। प्रत्येक बूथ पर एक-एक ही कंट्रोल यूनिट (सीयू) व वीवी पैड का इस्तेमाल होगा।

वहीं इस भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा से मतदाता संख्या भी फाइनल हो गए है। इस लोकसभा में सभी नौ विधानसभा को शामिल करने पर 17 लाख 93 हजार 29 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। इनमें 9,46,029 पुरूष व 8,47,287 महिला और 13 पारलैंगिक मतदाता शामिल है। महिला व पुरूष में केवल एक लाख का ही अंतर है। ऐसे में इन चुनाव में महिलाओं की भी अहम भूमिका रहेगी। इस संसदीय क्षेत्र की रिटर्निंग ऑफिसर एवं उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने आज लोकसभा आम चुनाव के लिए योग्य पाए गए सभी उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए। लोकसभा चुनाव के लिए छंटनी के बाद 17 उम्मीदवार योग्य पाए गए थे। वीरवार को नामांकन वापस लेने का आखिरी दिन था। इनमें से किसी भी उम्मीदवार में अपना नामांकन वापस नहीं लिया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार वीरवार दोपहर तीन बजे के बाद सभी उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाने थे। इसी कड़ी में डीसी ने नियम अनुसार सभी उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए। इस दौरान विभिन्न उम्मीदवार व चुनाव एजेंट मौके पर मौजूद थे।

### यह है चुनावी मैदान में 17 प्रत्याशी

| प्रत्याशी | पार्टी/निर्दलीय | चुनाव चिन्ह |
|---|---|---|
| राव दानसिंह | कांग्रेस | हाथ |
| धर्मबीर सिंह | भाजपा | कमल |
| बहादुरसिंह | जजपा | चॉबी |
| सुनील कुमार शर्मा | बसपा | हाथी |
| आनन्द कुमार | भारतीय जवान किसान पार्टी | हीरा |
| बलवान | पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया | फलों से युक्त टोकरी |
| भारत भूषण | भारतीय शक्ति चेतना पार्टी | बांसुरी |
| रोहताश | सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया | बैटरी टॉर्च |
| सुभाष | राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी | चारपाई |
| जगदीश | निर्दलीय | बल्ला |
| जय सिंह | निर्दलीय | भाला फेंक |
| महावीरसिंह यादव | निर्दलीय | चपाती रोलर |
| योगबीर सिंह | निर्दलीय | कांच का गिलास |
| वर्षा | निर्दलीय | कैल्कूलेटर |
| वेदप्रकाश | निर्दलीय | अलमारी |
| सीमा | निर्दलीय | डीजल पम्प |
| हेमंत | निर्दलीय | ब्लैक बोर्ड |

### 6 मई 2024 तक लोस क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या

| विस | पुरूष | महिला | पारलैंगिक | कुल |
|---|---|---|---|---|
| 68-अटेली | 1,06,126 | 95,881 | 0 | 2,02,007 |
| 69-महेंद्रगढ़ | 1,09,116 | 98,953 | 0 | 2,08,069 |
| 70-नारनौल | 81,652 | 73,116 | 1 | 1,54,769 |
| 71-नांगल चौधरी | 87,419 | 77,021 | 4 | 1,64,444 |
| जिला महेंद्रगढ़ | 3,84,313 | 3,44,971 | 5 | 7,29,289 |
| 54-लोहारू | 1,07,409 | 96,624 | 2 | 2,04,035 |
| 55-बाढड़ा | 1,04,110 | 93,162 | 1 | 1,97,273 |
| 56-दादरी | 1,09,996 | 98,116 | 0 | 2,07,812 |
| 57-भिवानी | 1,22,801 | 1,10,922 | 3 | 2,33,726 |
| 58-तोशाम | 1,17,400 | 1,03,492 | 2 | 2,20,894 |
| | 5,61,716 | 5,02,316 | 8 | 10,63,740 |
| कुल | 9,46,029 | 8,47,287 | 13 | 17,93,029 |

### एसपी ने किया मतदान बूथों का निरीक्षण

लोकसभा आम चुनावों को लेकर सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों व प्रबंधक थाना द्वारा पोलिंग बूथों का भौतिक निरीक्षण किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा ने भी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर क्षेत्र के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एसपी ने गहली, हुडीना व सिहमा गांव में निरीक्षण के मतदान केंद्रों पर सुरक्षा संबंधी पहलुओं बारे दिशा-निर्देश जारी किए।



- बैलेट यूनिट में 15 उम्मीदवार व एक नोटा, उम्मीदवार हो गए 17, निशान दिए

---

## खबर संक्षेप

### नलापुर में बालाजी का जागरण आज

**नारनौल।** श्री बांके बिहारी सेवा समिति के तत्वावधान में शुक्रवार रात को मोहल्ला नलापुर श्री बालाजी महाराज का जागरण किया जाएगा। इस बारे में अविनाश अग्रवाल ने बताया कि जागरण में मुख्य यजमान हीरालाल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री बांके बिहारी भगवान करेंगे। शिवकुमार मित्तल ने बताया कि सुंदरकांड पाठ व जागरण में बालाजी महाराज का गुणगान करेंगे।

### आज दताल में मनेगी परशुराम जयंती

**नारनौल।** अक्षय तृतीया पर 10 मई को भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर श्री चौरासिया ब्राह्मण सभा जिला महेंद्रगढ़ द्वारा प्रातःकाल को गांव दताल (नांगल चौधरी) के ठाकुर जी मंदिर में हवन किया जाएगा। प्रधान पवन शुक्ला ने लोगों से हवन कार्यक्रम में पहुंचने का आग्रह किया है।

### 89 ग्राम गांजा के साथ एक आरोपित काबू

**नारनौल।** महेंद्रगढ़ पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर हुड्डा से 89 ग्राम गांजे के साथ एक आरोपी को पकड़ा। जिसनें अपनी पहचान धर्मेंद्र निवासी बैरावास के रूप में बताई। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

---

**सिंचाई विभाग:** तीसरे दिन भी खत्म नहीं हुआ अधिकारी- कर्मचारियों का विवाद

# बुधवार को मंत्री के सामने रखी थी बात, अब दी कोर्ट जाने की तैयारी

विवाद बढ़ने के बाद शुरू हुआ कनेक्शन जोड़ने का काम, कमेटी कर रही एक्सइन पर लगे आरोपों की जांच, मंगलवार को एक्सइन के साथ विवाद के बाद बुधवार को कर्मचारियों ने शुरू कर दिया था धरना, कर्मियों ने आवास पर जाकर मंत्री अभय को सौंपा था ज्ञापन



**महेंद्रगढ़।** जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा रेलवे रोड पर पाइप लाइन के लिए खोदा गड्ढे। फोटो: हरिभूमि।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभिंयता व कर्मचारियों का विवाद का मामला मंत्री के संज्ञान में पहुंचने के बाद भी थमने का नाम नहीं ले रहा है। एकतरफ जहां कार्यकारी अभियंता को उच्चाधिकारियों की कमेटी की जांच का सामना करना पड़ेगा, वहीं कर्मचारियों ने आगामी आंदोलन की रणनीति तैयार कर ली है। कर्मचारियों का कहना है कि वह न्याय के लिए कोर्ट का रास्ता अपनाएंगे।

बता दें कि मंगलवार को सिंचाई विभाग के कर्मचारियों ने कार्यकारी अभियंता अजयेंद्र सिंह सुहाग पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए धरना शुरू कर दिया था। कर्मचारियों का कहना था कि विभाग के कार्यालय व कॉलोनी में लंबे समय पेयजल समस्या बनी हुई है। अधिकारियों को इस बारे में कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन पिछले छह माह से समाधान नहीं किया जा रहा।

कर्मचारियों का आरोप है कि गत सात मई को जब कर्मचारी कार्यकारी पेयजल समस्या को लेकर कार्यकारी अभियंता के पास पहुंचे तो उन्होंने अभद्र व्यवहार करना शुरू कर दिया। यहां तक कार्यकारी अभियंता विभाग के एसडीओ को मारने-पीटने के लिए चलना शुरू कर दिया था। इसके बाद गुस्साएं कर्मचारियों ने कार्यालय के बाहर धरना शुरू कर दिया था तथा कार्यकारी अभियंता के खिलाफ जमकर नारेबाजी शुरू कर दी थी। बुधवार को कर्मचारियों ने विभाग के एसई व सिंचाई मंत्री के समक्ष अपनी मांग रखी थी।

### एक्सइन पर अभद्रता का आरोप लगा एकजुट हुए कर्मचारी

कार्यकारी अभियंता अजयेंद्र सिंह सुहाग पर खराब बर्ताव का आरोप लगाते हुए कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारी के एकजुट हो गए हैं। कर्मचारियों का कहना है कि मामला सिंचाई मंत्री के संज्ञान में लाने के बाद भी कार्यकारी अभियंता के रवैये में कोई बदलाव नहीं आया है। कार्यकारी अभियंता की ओर से कर्मचारियों पर दबाव बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके बाद सिंचाई विभाग के विभिन्न संगठनों सहित अन्य संगठनों ने आंदोलन की रणनीति शुरू कर दी है। कर्मचारियों का कहना है कि स्टॉफ सदस्यों की मांग जायज है। कर्मचारियों के कार्यकारी अभियंता के खिलाफ आंदोलन करेंगे तथा आगामी कार्रवाई के लिए कोर्ट का रास्ता अपनाएंगे।

### पेयजल कनेक्शन जोड़ने का काम हुआ शुरू

सिंचाई राज्यमंत्री डॉ. अभय सिंह के आदेश के बाद जनस्वास्थ्य विभाग व सिंचाई विभाग के अधिकारी हरकत में आ गए हैं। जनस्वास्थ्य विभाग की ओर से सिंचाई विभाग को दो नए कनेक्शन दिए जा रहे हैं। जनस्वास्थ्य विभाग की ओर से रेलवे रोड पर छह इंच की दो पेयजल लाईन बिछाई हुई हैं। एक लाईन से करीब एक इंच का कनेक्शन सिंचाई विभाग के कार्यालय तथा करीब डेढ़ इंच का कनेक्शन कॉलोनी के लिए लगाया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि जब तक पेयजल समस्या का स्थाई समाधान नहीं हो जाता, जनस्वास्थ्य विभाग सिंचाई विभाग को पेयजल उपलब्ध कराएगा। उम्मीद लगाई जा रही है कि एक-दो दिन में सिंचाई विभाग को पानी मिलना शुरू हो जाएगा, लेकिन अधिकारी एवं कर्मचारियों के तालमेल में उनका अड़ियल रवैया आड़े आ रहा है। उनके संबंधों में आपसी मधुरता नहीं रही है, जिससे विभागीय कामकाज भी प्रभावित हो रहा है।

---

### स्कूल बस हादसा: उन्हाणी में महापंचायत कल

**कनीना।** कनीना-दादरी मार्ग पर उन्हाणी के पास 11 अप्रैल को ईद के अवकाश के दिन घटित स्कूल बस हादसे में अकाल मौत का ग्रास बने गांव झाड़ली व धनौंदा के छह मासूम विद्यार्थियों की मौत हो गई थी। इन विद्यर्थियों की आत्मिक शांति व ज्वलंत मुद्दों को लेकर 11 मई को उन्हाणी शिवमंदिर प्रांगण में महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। इस महापंचायत को लेकर कनीना विकास खंड की सभी पंचायतों, सामाजिक संगठनों व प्रबुधजनों को आमंत्रित किया गया है। मृतक विद्यार्थी के पिता एवं झाड़ली गांव के पूर्व सरपंच संजय शर्मा और राधेश्याम शर्मा ने बताया कि सुबह नौ बजे आयोजित होने वाली महापंचायत में विभिन्न मुद्दों पर मंथन किया जाएगा। महापंचायत में प्रदेश सरकार से हादसे के बाद फरार चल रहे जीएल स्कूल के एमडी को गिरफ्तार करने, स्कूल सहित पूरी प्रॉपर्टी सरकार द्वारा कब्जे में लेने, मृतक विद्यार्थियों को शहीद का दर्जा देने, पीड़ित परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये का मुआवजा देने, स्कूल की मान्यता रद्द करने सहित विभिन्न बिंदुओं को रखकर मांग की जाएगी।

- फरार एमडी को गिरफ्तार करने, स्कूल की मान्यता रद करने, मृतक बच्चों को शहीद का दर्जा देने, स्कूल प्रॉपर्टी कब्जे में लेकर परिजनों को एक-एक करोड मुआवजा देने की उठ सकती है मांग

### बैटरी चोरी मामले में आरोपित गिरफ्तार

**नारनौल।** अटेली के गांव सागरपुर से ट्रैक्टर से बैटरी चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना अटेली पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। जिसकी पहचान प्रीतम वासी जाट गुवाना के रूप हुई। पुलिस ने पूछताछ में आरोपित से चोरी की बैटरी बरामद कर ली है। आरोपित को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। शिकायतकर्ता चरणसिंह वासी सागरपुर अटेली ने थाना अटेली में शिकायत दर्ज करवाई कि छह मई की रात को उसके ट्रैक्टर की बैट्री चोरी हो गई। ट्रैक्टर उसके घर के पास ही गली में खड़ा था। शिकायतकर्ता ने अज्ञात के खिलाफ चोरी की शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### रास्ता रोक मारपीट करने के आरोप में 5 नामजद

**कनीना।** सदर थाना अंतर्गत गांव स्याणा में रास्ता रोककर मारपीट करने व धमकी देने के आरोप में पुलिस ने केस दर्ज किया है। इस बारे में पीड़ित लालसिंह ने बताया कि वह भारतीय सेना से सेवानिवृत्त है और परिवार सहित गांव में रहता है। वह अपनी स्कूटी पर सवार होकर खेत देखने गया था, जब वापस घर के लिए चलने लगा तो नरेंद्र ने उनकी स्कूटी के सामने बाइक लगा दी और कुल्हाड़ी से वार करने लगा।

---



### देश की आजादी के लिए संघर्ष करने वाले प्रमुख योद्धाओं में से एक थे महाराण प्रताप, किया नमन

**सतनाली मंडी।** वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की जयंती अवसर पर कस्बे में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर अरूण राव ने कहा कि महाराणा प्रताप जैसे वीर योद्धाओं ने देश की आजादी के लिए संघर्ष किया तथा अनेक लड़ाइयां लड़ी। महाराणा प्रताप का स्वाभिमान भारत माता की पूंजी है। महाराणा प्रताप ने अपनी वीरता व शौर्य के बल पर इतिहास में अपना नाम अजर अमर कर दिया। उन्होंने धर्म एवं स्वाधीनता के लिए अपना बलिदान दिया। उन्होंने युवाओं से उनके पदचिन्हों पर चलने की अपील की। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि धर्मबीर गोठवाल, रवि राव, कृष्ण पहलवान, नेस्सु पहलवान, संतु शेखावत, सतबीर नांवा, दिनेश कुमार, सुनील कुमार, कृष्ण सिंह इत्यादि मौजूद रहे।

# निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न करवाना हम सबकी जिम्मेदारी: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

लोकसभा आम चुनाव को लेकर वीरवार को उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने चुनाव ड्यूटी के लिए बनाए गए सभी नोडल अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। डीसी ने कहा कि निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न करवाना हम सब की जिम्मेदारी है। फिलहाल सभी कार्यालय के मानव संसाधन व मशीनी संसाधन का उपयोग केवल चुनावी कार्य के लिए किया जा रहा है। इस संबंध में कार्यालयों से जो भी डिटेल मांगी गई है उसको सही तरीके से उपलब्ध करवाया जाए। कोई नोडल अधिकारी अगर लापरवाही करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि चुनावी ड्यूटी बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है। इस कार्य को पूरी जिम्मेदारी के साथ पूरा किया जाए। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबूलाल करवा, एसडीएम डा. जितेंद्र सिंह, कनीना एसडीएम सुरेंद्र सिंह, नगराधीश मंजीत सिंह, चुनाव तहसीलदार सुरेंद्र सिंह, डीआईओ हरीश के अलावा चुनाव ड्यूटी में लगे सभी नोडल अधिकारी मौजूद रहे।



**नारनौल।** चुनाव ड्यूटी के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों की बैठक लेती डीसी।





नारनौल। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी व कनीना में मतदान केंद्र का निरीक्षण करते अधिकारी।

### स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान आवश्यक

**नारनौल।** राजकीय महाविद्यालय के यूथ रेडक्रॉस नें प्राचार्य डा. पूर्ण प्रभा की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। उन्होंने ने कहा कि स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान से ही लोकतंत्र की सुरक्षा संभव है। लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता करते हुए चुनाव में मतदान जरूर करें। स्टाफ सदस्यों व छात्रों ने मतदान की शपथ भी ली।

### अधिकारियों ने किया मतदान केंद्रों का दौरा

कनीना। प्रदेश में होने वाले मतदान को लेकर अधिकारियों की ओर से सुरक्षा व बुनियादी सुविधाओं के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। मतदान केंद्रों पर पहुंचकर अधिकारी मतदाताओं के लिए बिजली, पेयजल, शौचालय, बैठने, दिव्यांग मतदाताओं के आसानी से पहुंचने के लिए रास्ते, बूथ व भाग नंबर की व्यवस्था की जा रही है। इन सुविधाओं की जानकारी लेने के लिए मतदान केंद्र के गेट पर दो सहायकों के मोबाइल नंबर लिखे जा रहे हैं। गुरुग्राम के मंडलायुक्त आरसी बिढान, एसडीएम सुरेंद्र सिंह, पटवारी अनूप सुहाग ने गुढ़ा गांव के मतदान केंद्र का दौरा कर गांव के सरपंच वीरेंद्र दीक्षित, बीएलओ मुकेश कुमार से जानकारी ली।

---

### महेंद्रगढ़ जिले में पेंशन पात्र पेड़ 641, योजना में शामिल 350

**मंडी अटेली।** राष्ट्रीय पर्यावरण प्रकृति संरक्षण एवं संवर्धन योद्धा टीम की ओर से वीरवार को वृक्ष विरासत अभियान के तहत अटेली खंड के किसानों व आमजन का जागरूक कैंप महिला कॉलेज के सभागार में आयोजन किया गया। संस्था के राष्ट्रीय संयोजक कमल सिंह यादव ने वृक्ष विरासत, वृक्ष पेंशन मिशन तथा ग्रीन कार्बन क्रेरडिट कार्ड के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। प्राचार्य प्रवीण कुमार भी विशेष रूप से मौजूद रहे। टीम अटेली खंड अध्यक्ष बाबू सतबीर सैदपुर, महासचिव अभय सिंह व राजकुमार रामपुरा ने अटेली खंड से पेंशन बनने वाले पेड़ों के मापदंडों को पूरा करने के लिए आवेदन एकत्रित किए।

संयोजक कमल सिंह यादव ने कहा कि पौधे लगाना आम बात है, उन्हें बचाना खास बात है। जल है तो कल है। वृक्ष हैं तो हर पल है। उन्होंने बताया कि वृक्ष विरासत के तहत हरियाणा सरकार प्राण वायु देवता स्कीम में पूरे प्रदेश में 3940 वृक्षों की पेंशन बनी है, जिसमें हरियाणा में सबसे ज्यादा रेवाड़ी जिले के 641 तथा महेंद्रगढ़ जिले के करीब 350 पेड़ों की पेंशन बनी है, जो अपर्याप्त है। जबकि महेंद्रगढ़ जिले में प्रदेश सरकार की स्कीम के तहत करीब एक लाख पेड़ इन सभी शर्तों को पूरा करते हैं। उन सभी वृक्षों को पेंशन बनाई जाए, जो सरकार की सभी शतार्ें को पूरा करते हैं। खेत में जांटी, खेजड़ी, रोज, बड़, पीपल, गूलर, जामुन इत्यादि पेड़ खड़े हैं। मिशन के अटेली खंड अध्यक्ष बाबू सतबीर सैदपुर, महासचिव अभय सिंह व राजकुमार रामपुरा ने बताया कि पेड़ों मोटाई 80 सेंटीमीटर से ज्यादा होनी चाहिए। जांटी, खेजड़ी, रोज खैरी, जाल, रोहिडा, लसोड़ा, धोक इन सब वृक्ष की मोटाई लगभग 80 सेंटीमीटर से ज्यादा तथा शीशम, सागौन, फ्रांस, कीकर, जामुन, अमलता इत्यादि पेड़ों की मोटाई लगभग 150 से भी से अधिक हो। बड़, पीपल, गूलर, पिलखन इत्यादि पेड़ों की मोटाई लगभग 200 सेंटीमीटर से ज्यादा हो। किसानों व पर्यावरण प्रेमियों को अपने खेत के खसरा नंबर बैंक अकाउंट की कॉपी आदि जमा करनी होती है। यदि संयुक्त खाता है या गोल खाता है तो एक एफिडेविट लगाना होगा। रिटायर्ड रेंजर रामपत, सांवलराम, सांवत सिंह मास्टर, बाबू प्रहलाद, मास्टर ओमप्रकाश, महंत मंगलदास, नंबरदार श्योताज सिंह, नंबरदार अमरसिंह, प्रकाश नंबरदार व पहलवान कर्मबीर मौजूद रहे।



क्यू मैनेजमेंट एप का ट्रायल रन आज, 25 को मिलेगी रियल जानकारी

# बूथों पर धूप छांव से बचने के होंगे पुख्ता इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

मतदाताओं को लोकसभा आम चुनाव के दौरान मतदान करते समय किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए इस बार भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान केंद्रों पर खास इंतजाम किए जा रहे हैं। इसके अलावा बीएलओ के माध्यम से मतदाताओं को वोटर इनफॉरमेशन स्लिप के साथ मत करने के लिए न्योता भी दिया जाएगा। यह जानकारी देते हुए भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र की रिटर्निंग ऑफिसर एवं उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि निमंत्रण पत्र के साथ-साथ मतदाताओं को उनके बूथ के बारे में भी सही जानकारी दी जाएगी है। जिला के सभी बीएलओ घर-घर जाकर वोटर इनफॉरमेशन स्लिप देंगे। इसके अलावा मतदाता वोटर हेल्पलाइन तथा टोल फ्री नंबर 1950 पर भी इसकी जानकारी ले सकते हैं।

उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार प्रत्येक मतदान केंद्र पर मूलभूत सुविधाओं पर भी विशेष फोकस किया जा रहा है। हर मतदान केंद्र पर पेयजल, शौचालय तथा छाया में बैठने के इंतजाम किए गए हैं ताकि मतदाता को धूप में ना खड़ा होना पड़े। इस संबंध में सभी एआरओ अपने-अपने क्षेत्र में मतदान केंद्रों पर न्यूनतम सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए जिम्मेदार रहेंगे।



- बीएलओ घर-घर जाकर देंगे जानकारी, अब लाइन में नहीं लगना पड़ेगा

### नारनौल विस के हर बूथ की मिलेगी जानकारी

नारनौल विस क्षेत्र के सभी बूथ पर लाइन में लगे मतदाताओं की जानकारी ऑनलाइन मुहैया रहेगी। इसके लिए क्यू मैनेजमेंट एप बनाया गया है। 10 मई को क्यू मैनेजमेंट एप का ट्रायल रन लिया जाएगा। फिलहाल इस एप के लिए सभी बीएलओ के मोबाइल नंबर अपडेट किए जा रहे हैं। मोबाइल नंबर अपडेट करने का कार्य 10 तारीख को सुबह 10 से दोपहर दो बजे तक किया जाएगा। मतदान के दिन 25 मई को कोई भी नागरिक ये एप डाउनलोड करके लाइन में लगे मतदाताओं की संख्या की जानकारी हासिल कर सकता है। उन्होंने बताया कि मतदान केंद्र पर तैनात सभी बीएलओ लगातार क्यू मैनेजमेंट एप के जरिए डाटा अपडेट करेंगे, ताकि लोगों को लाइन में लगे मतदाताओं की रियल टाइम इनफॉर्मेशन मिलती रहे।



हर बच्चे की जिंदगी में उसकी मां बहुत बड़ी जगह रखती है। मां के बिना उसकी जिंदगी सूनी है। मां है तो उसके जीवन में बहार है। टीवी के कुछ चाइल्ड आर्टिस्ट्स **बालभूमि** को बता रहे हैं, उनकी मां उनके लिए कितनी इंपॉर्टेंट है, उनका सबसे मेमोरेबल मदर्स-डे कौन सा रहा, इस स्पेशल-डे पर ये चाइल्ड आर्टिस्ट्स अपनी मां को क्या मैसेज देना चाहेंगे?

# मेरी मां मेरी दुनिया

## वह मेरी हिम्मत-ताकत और पहचान हैं : जारा वारसी



**जारा वारसी** इन दिनों एंड टीवी के शो 'हप्पू की उलटन पलटन' में चमची के रोल में सबको खूब हंसा रही है। 'मदर्स-डे' का जिक्र आते ही सबसे पहले वह यही बताती है कि उसके लिए उसकी मम्मी कितना महत्व रखती हैं। जारा बताती है, 'मेरी मां मेरी जिंदगी हैं। वह मेरी हिम्मत, ताकत और मेरी पहचान हैं। उनका पूरा दिन मेरी देखभाल करने में बीतता है, मुझे शो की शूटिंग और अपनी पढ़ाई के बीच तालमेल बैठाने में वह मेरी बहुत हेल्प करती हैं। मैं उनके बिना एक दिन की कल्पना नहीं कर सकती।' जारा के लिए उसका अब तक का सबसे यादगार मदर्स-डे कौन-सा था, पूछने पर वह बताती है, 'मेरे लिए सबसे यादगार मदर्स-डे वह था, जब हम भाई-बहनों ने मां को घर पर बनाई ब्रंच के साथ सरप्राइज दिया था। हमने डाइनिंग टेबल को फूलों और मोमबत्तियों से सजाया। जब मां टेबल के पास आईं, तो वह सब देखकर उनका चेहरा खुशी से खिल उठा था। हम सभी ने एक साथ टेस्टी खाने का आनंद लिया।' इस बार जारा की मदर्स-डे के लिए क्या खास प्लानिंग है, वह बताती है, 'मैंने मदर्स-डे के लिए अपनी ड्रॉइंग टीचर की मदद से मम्मी के लिए एक सुंदर-सा मदर्स-डे ग्रीटिंग कार्ड बनाना शुरू कर दिया है। उस दिन घर के सारे काम मैं करूंगी ताकि मम्मी आराम कर सकें। शूटिंग के दौरान, हम सभी चाइल्ड आर्टिस्ट्स अपनी मांओं को एक बड़े केक के साथ सेट पर अचानक सरप्राइज देंगे।' जारा कहती है, 'मैं आज जो कुछ भी हूं, उसमें सबसे बड़ा योगदान मेरी मम्मी का है। मैं उनको हर बात के लिए 'थैंक यू' कहना चाहती हूं।'*

## थैंक यू मां! हर हाल में मेरा साथ देने के लिए : शीहान कपाही



**आजकल शीहान** कपाही ने सोनी सब चैनल पर प्रसारित हो रहे शो 'वागले की दुनिया' में अथर्व वागले के रोल में दर्शकों का दिल जीत रखा है। उसके लिए उसकी मां उसकी दुनिया है। वह बताता है,'मेरी मां मेरे लिए सब कुछ हैं। वह मेरे साथ हर हाल में खड़ी रहती हैं। मैं उनसे अपनी हर बात शेयर करता हूं। उनके प्यार और मार्गदर्शन ने मुझे वो बनाया, जो मैं आज हूं।' शीहान अपना सबसे मेमोरेबल मदर्स-डे याद करते हुए बताता है, 'दो साल पहले की बात है। मदर्स-डे के दिन अपनी मां के लिए, नाश्ता बनाकर मैंने उन्हें सरप्राइज दिया था। सुबह जल्दी उठकर, अपने पापा की हेल्प से मैंने उनका पसंदीदा नाश्ता तैयार किया। जब हमने उनके सामने डोसा के साथ ताजे नारियल की चटनी रखी तो वह इसकी खुशबू से खिल उठीं। उनके चेहरे पर मुस्कान देखने लायक थी। इससे पहले मैंने पंखे पर कुछ फूलों की पंखुड़ियां रख दी थीं, ताकि जब वह कमरे में आएं और पंखा चले तो पूरा कमरा उनके स्वागत में फूलों की पंखुड़ियों से भर जाए।' इस साल शीहान अपनी मां के लिए क्या स्पेशल प्लान कर रहा है, वह बताता है, 'मैं मां को मॉल में शॉपिंग के लिए ले जाऊंगा या फिर घर पर उनकी कोई पसंदीदा फिल्म टीवी पर लगा दूंगा। साथ ही मैं उनके लिए कुछ स्पेशल भी करना चाहता हूं, जैसे हाथ से बना कार्ड या हमारे पसंदीदा यादों की एक स्क्रैप-बुक बनाऊंगा। लेकिन सबसे अधिक मैं उन्हें यह बताने के लिए एक्साइटेड हूं कि मां आप मेरे लिए बहुत इंपॉर्टेंट हैं। मैं सचमुच आपकी बहुत कद्र करता हूं। आपका प्यार और समर्थन मेरे लिए सब कुछ है। मैं अपनी मां के रूप में आपको पाकर बहुत भाग्यशाली महसूस करता हूं। थैंक यू मां! हर हाल में मेरा साथ देने के लिए, मुझ पर विश्वास करने के लिए।'*

## उनके बिना मेरा जीवन अधूरा है : व्योम ठक्कर



**व्योम ठक्कर** ने एंड टीवी के शो 'अटल' में यंग अटल का रोल प्ले करके एक अलग ही धाक जमा ली है। मदर्स-डे के मौके पर वह अपनी मां के लिए अपनी फीलिंग्स शेयर करते हुए बताता है, 'मेरी मां की मेरे जीवन में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है। मैं उनके लव और सपोर्ट के लिए हमेशा उनको 'थैंक यू' कहता हूं। मेरी मां, मेरी हर जरूरत का ध्यान रखती हैं। वो इस बात का भी ध्यान रखती हैं कि मैं अपने एक्टिंग करियर और पढ़ाई, दोनों में बेहतर परफॉर्म करूं। दोनों के बीच तालमेल बैठाने में मां मेरी पूरी मदद करती हैं। उनके प्यार और देखभाल की कोई सीमा नहीं है।' व्योम अपना सबसे मेमोरेबल मदर्स-डे भी बताता है, 'एक साल मदर्स -डे पर मैंने मां को एक प्यारा सा पत्र लिखा था, जिसमें मैंने उन्हें बताया था कि वह मेरे लिए कितनी इंपॉर्टेंट हैं। उसके बाद मैंने उन्हें एक स्पेशल गिफ्ट भी दिया था। बाद में हम एक साथ रेस्तरां में डिनर करने गए थे। उस दिन मां के साथ बिताया गया पल मेरे लिए बहुत ही मेमोरेबल है।' इस साल मदर्स-डे को व्योम कैसे स्पेशल ढंग से सेलिब्रेट करेगा, वह बताता है, 'इस बार का मदर्स-डे और भी खास बनाने के लिए मैंने प्लानिंग कर रखा है। सबसे पहले मैं मां की पसंदीदा डिशेज बनाने की सोच रहा हूं। उन्हें फिल्में देखना बहुत पसंद है, हम एकसाथ फिल्म देखने जाएंगे या फिर बाहर घूमने जाएंगे। इसके अलावा मैं उन्हें एक स्पेशल गिफ्ट भी दूंगा। ये सभी प्लानिंग्स मुझे उनके साथ समय बिताने का अवसर देंगी।' व्योम अपनी मां को क्या मैसेज देना चाहेगा, पूछने पर कहता है, 'मां, मैं आपसे कहना चाहूंगा, आप मेरे लिए सबसे इंपॉर्टेंट हैं। मैं आज जो कुछ भी हूं, आपके लव, केयर और सपोर्ट से हूं। मेरी लाइफ को मीनिंगफुल बनाने के लिए थैंक यू मां!'*

प्रस्तुतिःहरिभूमि फीचर्स

ऑकेजन / अनुराग मनींद्र

मौका मदर्स-डे का हो तो यह बनता ही है कि अपनी मम्मी को कुछ स्पेशल फील कराया जाए, उन्हें खुशी दी जाए। हम तुम्हें कुछ आइडियाज दे रहे हैं, जिनसे तुम मदर्स-डे को मेमोरेबल बना सकते हो।

## मम्मी को फील कराओ स्पेशल



बच्चों, हमारी जिंदगी में मां बहुत ही महत्व रखती हैं। मां हमारा बहुत ज्यादा ध्यान रखती हैं ताकि हमें कोई तकलीफ ना हो, हम हमेशा खुश रहें। हमें जरा-सी तकलीफ हुई नहीं कि हमारी मांएं परेशान हो जाती हैं, तुरंत ही हमारी परेशानी को दूर करने में जुट जाती हैं। जब तक हमारी परेशानी दूर नहीं होती, उन्हें चैन नहीं पड़ता।

बच्चों, जिस तरह मां हमारी इतनी चिंता करती हैं, हमारी छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखती हैं, उनके प्रति हमारे भी कुछ दायित्व हैं, जिम्मेदारी है कि हम भी उनका पूरा ध्यान रखें। उन्हें कभी कोई तकलीफ नहीं होने दें। हम हर दिन तो उनका ख्याल रखें ही, लेकिन जब 'मदर्स-डे' जैसा अवसर आए तो हम उन्हें कुछ स्पेशल भी फील कराएं।

**अपनी फीलिंग्स ऐसे करो एक्सप्रेस:** बच्चों, मदर्स-डे के दिन अपनी मम्मी के लिए तुम्हारी जो भी फीलिंग्स हैं, उन्हें एक कागज पर लिख लो। उनके लिए तुम कोई प्यारी-सी कविता भी लिख सकते हो या फिर मदर्स-डे की थीम पर कोई ड्रॉइंग, पेंटिंग बना सकते हो। इसे मदर्स-डे की सुबह-सुबह चुपके से मम्मी के तकिए के नीचे या फिर किसी ऐसी जगह रख दो कि सोकर उठते ही मम्मी की नजर सबसे पहले इसी पर पड़े। तुम्हारा यह 'सरप्राइज मैसेज' तुम्हारी मम्मी को बहुत ही प्यारा लगेगा।

**दो प्यारा-सा गिफ्ट :** बच्चों, मदर्स-डे के स्पेशल ऑकेजन पर आजकल मार्केट में तरह-तरह के गिफ्ट आइटम्स और कार्ड्स अवेलेबल होते हैं। तुम अपनी पॉकेट मनी से अपनी मम्मी के लिए कोई प्यारा-सा गिफ्ट या कार्ड खरीद कर उन्हें दे सकते हो। लेकिन ज्यादा अच्छा यह होगा कि तुम अपने हाथों से कोई गिफ्ट या कार्ड बनाकर उन्हें दो। मम्मी को तुम्हारे हाथों से बनाया हुआ गिफ्ट मार्केट से खरीदे हुए गिफ्ट से अधिक पसंद आएगा।

**मम्मी को दो पूरा आराम :** बच्चों, हर रोज सुबह से लेकर रात तक तुम्हारी मम्मी के पास बहुत सारे काम रहते हैं। मदर्स-डे के दिन अपनी मम्मी को घर का कोई भी काम मत करने दो। सुबह से लेकर रात तक के सारे कामों की जिम्मेदारी तुम लो। मदर्स-डे के दिन मम्मी से बोलो, 'आज आप आराम करें, एंज्वॉय करें।' घर के कामों में अपने भाई-बहन की भी हेल्प ले सकते हो। मदर्स-डे के दिन अपने हाथों से बनी कोई स्पेशल डिश अपनी मम्मी को जरूर खिलाओ। इसे खाकर उन्हें मजा आएगा।*

### अपनी दादी-नानी मां को भी करो विश

बच्चों, अगर तुम्हारी दादी मां तुम्हारे साथ रहती हैं, तो मदर्स-डे पर तुम उन्हें भी विश करो, यह ना भूलो कि वह तुम्हारे पापा की मम्मी हैं, तुम्हारे सबके प्यार और सम्मान की हकदार हैं। अगर दादी मां तुम्हारे साथ नहीं रहती हैं, होम टाउन में रहती हैं तो तुम उन्हें कॉल या वीडियो-कॉल करके विश करो। उन्हें बहुत अच्छा लगेगा। बच्चों, सिर्फ दादी मां को ही नहीं, अपनी मम्मी की मम्मी यानी नानी मां को भी मदर्स-डे पर विश करो। जब तुम उन्हें 'हैप्पी मदर्स-डे' बोलोगे तो वह बहुत ज्यादा खुश होंगी, निहाल हो जाएंगी।

## जीके क्विज- 103

1.किस विश्व प्रसिद्ध धावक को टी-20 वर्ल्ड कप 2024 का ब्रैंड एंबेसेडर बनाया गया है?
2.हाल ही में बिस्का जात्रा (बिस्किट यात्रा) महोत्सव-2024 किस देश में आयोजित हुआ?
3.भारतीय संसद की एक वर्ष में कम-से-कम कितनी बैठकें होनी आवश्यक हैं?
4.कौन-सा रंग रेनबो के बीच में दिखाई देता है?
5.जीवाणु (बैक्टीरिया) की खोज किसने की थी?
6.कंचनजंघा राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में स्थित है?
7.'लोकनायक' के नाम से किसे जाना जाता है?
8.बल का मात्रक क्या होता है?
9.गौतम बुद्ध के बचपन का नाम क्या था?
10.'गीतांजलि' किसकी रचना है?



बच्चों, जीके क्विज-103 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-102 का उत्तर :** 1.एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी, 2.आईजीआई एयरपोर्ट-दिल्ली, 3.इंडोनेशिया, 4.बृहस्पति, 5.साइरस (डॉग स्टार), 6. मौलाना अबुल कलाम आजाद, 7.दूसरा, 8.प्लेटिनम, 9.बछेंद्री पाल, 10.मेगस्थनीज

**जीके क्विज-102 का सही उत्तर देने वाले:** यदुवेंद्र-महेंद्रगढ़, मानवी मधुकर-बिलासपुर, राहुल-हिसार, सरबजीत-करनाल, बी. ईशान- अहमदाबाद, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद, प्रिया-दुर्ग, नेहा–सुरजपुर, कबीर-हिसार, पृथ्वीराज,मुस्कान- ईमेल से

## हंसगुल्ले

**चिंटू** : मिंटू बताओ, अक्ल बड़ी या भैंस?
**मिंटू** : पहले दोनों की डेट ऑफ बर्थ बताओ, फिर बताऊंगा।
-चांदनी, दुर्ग

**पिंकी** : मम्मी, मैं टीवी देखते-देखते होमवर्क कर लूं?
**मम्मी** : हां, ठीक है! लेकिन टीवी ऑन मत करना।
-रचित, जींद

**अंकल (रोहित से)** : बेटा, आपके पापा का क्या नाम है?
**रोहित** : अंकल, मैं उन्हें नाम से नहीं बुलाता हूं। बस प्यार से पापा ही कहता हूं।
-आकाश, रायपुर


**सोनू** : विटामिन सी सबसे ज्यादा किस सब्जी या फल में पाया जाता है?
**मोनू** : हरी मिर्च में।
**सोनू** : तुम्हें कैसे पता?
**मोनू** : क्योंकि इसे खाने के बाद मुंह से 'सी..सी..' की आवाज निकलती है।
-रानी, भोपाल

कहानी

डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'

क्लास में नेहा मैडम ने बच्चों से पूछा कि वे इस बार मदर्स-डे पर अपनी प्यारी मां के लिए क्या स्पेशल करेंगे? सभी बच्चों ने एक-एक करके अपनी प्लानिंग बताई, लेकिन रागिनी खामोश रही। उसकी आंखों में आंसू थे। उसकी आंखों में आंसू क्यों थे? क्या वह मदर्स-डे सेलिब्रेट नहीं कर पाई?

## सारे जग से न्यारी... मां



नेहा मैडम ने क्लास में इंट्री की। उनके हाथ में पहेली का एक कार्ड था। क्लास के बच्चों को समझते देर न लगी कि कोई खास दिवस आने वाला है। जब भी कोई स्पेशल-डे आने को होता, नेहा मैडम पहेली बूझती हैं। इस बार नेहा मैडम ने जो पहेली पूछी, उसकी चारों पंक्तियों में एक ही शब्द भरना था। नेहा मैडम ने बच्चों से पहेली पूछना शुरू किया, 'सारे जग से न्यारी... , ममता भरी पिटारी..., सचमुच बहुत दुलारी..., सब बच्चों को प्यारी...।'

'मां... मां... मां... मां।' सारे बच्चे एक साथ बोले।

मैडम हंसीं, पूछा, 'क्या बता रहे हो? मामा या मां..?'

'मां!' बच्चों ने फिर एक-साथ उत्तर दिया। मैडम खुशी से बोलीं, 'हम्म...वैरी गुड!' फिर उन्होंने पूछा, 'तो बताओ, मां के लिए तुम लोग मदर्स-डे पर क्या स्पेशल करने वाले हो?'

एक बार फिर सारी क्लास में शोर गूंज उठा। हर बच्चा जोर-जोर से बोलने लगा। मैडम ने समझाया, 'ऐसे नहीं, एक-एक कर बताओ।' आगे से एक-एक कर बच्चे 'मदर्स-डे' को लेकर अपनी-अपनी प्लानिंग बताने लगे। कुंज बोला, 'मैं तो उस दिन अपनी मम्मी को एक प्यारा-सा कार्ड बना कर दूंगा।' माधव ने कहा, 'मैं तो पापा से कह कर मम्मी की मनपसंद मिठाई मंगवाऊंगा। मम्मी के साथ खुद भी खाऊंगा।' एलिस बोली, 'मैं तो मम्मी के हाथों पर मेहंदी लगाऊंगी। मैं बहुत अच्छी मेहंदी लगाती हूं।' पुष्कर ने कहा, 'मैं तो मम्मी के काम में उनकी हेल्प करूंगा।'

अगला नंबर रागिनी का था। लेकिन वह तो चुप और खोई-खोई सी बैठी थी। जैसे इस क्लास में हो ही नहीं। उसके बगल में बैठी सुधा ने उसे हिलाया, 'बोलो-बोलो रागिनी, तुम क्या करोगी?'

रागिनी ने जैसे सुना ही नहीं। पता नहीं वह क्या सोच रही थी। मैडम उसके पास आईं और पूछा, 'क्या हुआ रागिनी, मदर्स-डे पर तुम क्या करने वाली हो?'

रागिनी की आंखों में आंसू छलक आए। धीमे से बोली, 'मैडम, मेरी मम्मी बहुत बीमार हैं। वो अस्पताल में एडमिट हैं। उनके न होने से घर में बहुत प्रॉब्लम्स हो रही हैं। घर में खाना नहीं बन रहा है, बाहर से आ रहा है।' रागिनी ने यह भी बताया कि उसे मम्मी से मिलने अस्पताल भी नहीं जाने दिया गया। वह स्कूल के बाद पापा के वापस आने तक घर में अकेली ही रहती है।

नेहा मैडम ने रागिनी को समझाया, 'चिंता मत करो बेटे, सब ठीक हो जाएगा।'

छुट्टी के बाद रागिनी घर पहुंची। मम्मी के बिना घर कितना अजीब-सा लग रहा था। दीवारें जैसे रो रही थीं। उसके स्कूल से आते ही कैसे मम्मी झट से किचेन में जाती थीं। उसकी मनपसंद चीजें बनाकर उसे खिलाती थीं। रागिनी ने देखा, सारा घर कैसा अस्त-व्यस्त है।

असल में मम्मी का ब्लड प्रेशर लो हो गया था। चक्कर खाकर गिर गई थीं। वैसे भी वह बहुत दुबली और कमजोर हैं। अपना ध्यान ही कहां रख पाती हैं। हर वक्त बस काम में जुटी रहती हैं। रागिनी को लग रहा था, जैसे मम्मी की बीमारी में वह भी कसूरवार है। वह कब काम में मम्मी की हेल्प करती है? कब उनका हाथ बंटाया? स्कूल से आकर कैसे वह अपना सामान बिखरा देती है। सब मम्मी ही तो समेटती हैं। खाना खाकर बर्तन वॉश-बेसिन तक नहीं ले जाती। वह भी मम्मी ही उठाती हैं। इतनी बड़ी हो गई, लेकिन जुराब, टाई, ड्रेस सब कुछ मम्मी से ही मांगती है। मम्मी तो कभी आराम नहीं करती हैं। रागिनी मन ही मन शर्मिंदा हो रही थी। वह चुपचाप उठी और किचेन में जाकर बर्तन धोने लगी, फिर बिस्तर ठीक किया। बिखरा सामान समेटा। मम्मी को याद करते हुए बार-बार उसकी आंखें भीग जातीं। बार-बार उसे सुबकाई आ रही थी। वह मन ही मन बोली, 'सॉरी मम्मी...।'

तभी पापा आ गए। रागिनी को देखकर बोले, 'अरे! तुम यह सब क्या कर रही हो?' पापा कब आ गए, उसको पता ही नहीं चला। रागिनी ने पापा के सवाल पर भी ध्यान नहीं दिया। हां, खुद उनसे पूछा, 'पापा, अब कैसी हैं मम्मी?'

'चलो, मिलो न उनसे। ड्राइंगरूम में हैं। नानी भी आ गई हैं।' पापा ने बताया।

रागिनी खुशी से झूम उठी। वह भागकर ड्राइंगरूम में गई और जाकर मम्मी से लिपट गई। रागिनी ने उनसे कुछ कहा नहीं, फिर भी जाने क्यों उसे ऐसा लग रहा था, मम्मी उसके मन की सारी बातें समझ गई हैं। रागिनी नानी से बोली, 'नानी..नानी! आप मुझे मेरी मम्मी के बचपन की बातें बताएंगी न?' नानी हंसकर बोलीं, 'हां-हां, क्यों नहीं! तेरी मम्मी तो बचपन में बहुत अच्छी थीं, मेरा बहुत ध्यान रखती थीं।'

रागिनी धीरे-से बोली, 'मैं भी अपनी मम्मी का खूब ख्याल रखूंगी।' ऐसा कहते हुए उसने एक प्यारी-सी, मीठी-सी पप्पी नानी के झुर्रियों वाले गाल पर जड़ दी।*

कविता

सूर्य कुमार पांडेय



## मां से बढ़कर कौन महान

मां ने हमको जन्म दिया है,
पाल-पोस कर बड़ा किया है।
मां का आंचल सुख की छाया,
मां ने हम पर प्यार लुटाया।
मां रखती बच्चों का ध्यान,
मां से बढ़कर कौन महान!
मां है ममता का अवतार,
भूलें कभी न यह उपकार।
बहुत बड़ी हो जाऊंगी जब,
अपना फर्ज निभाऊंगी तब।
मां को कभी नहीं भूलूंगी,
उनका पूरा ध्यान रखूंगी।
बहुत बड़ा हो जाऊंगा जब,
मां का कर्ज चुकाऊंगा तब।
उनको अपने साथ रखूंगा,
मां की सेवा रोज करूंगा।

## अंतर बताओ

बच्चों, यहां मदर्स-डे से रिलेटेड एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। लेकिन इनमें आठ अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सारे अंतर खोजने हैं, तो देर किस बात की, फटाफट अंतर खोजो।



उत्तर : 1.बुक-शेल्फ के ऊपरी खाने में किताबें रखी हैं। 2.टेबल पर चाय के दो कप रखे हुए हैं। 3.लड़की की फ्रॉक प्रिंटेड है। 4.सोफे के बगल में लैंप-शेड रखा हुआ है। 5.गिफ्ट की पैकिंग का कलर डिफरेंट है। 6.मम्मी के टॉप में बटन लगे हुए हैं। 7.दीवार पर एक फोटो फ्रेम कम है। 8.मम्मी के पीछे रखा स्टूल गायब है।


## रास्ता खोजो

बच्चों, हर्षित अपनी मम्मी को बुके देकर मदर्स-डे विश करना चाहता है। हर्षित की मम्मी एक भूल-भुलैया में कहीं छिपकर उसको आवाज दे रही हैं। तुम जल्दी से रास्ता खोजकर हर्षित को उसकी मम्मी तक पहुंचने में मदद तो करो।



## चित्र पूरा करो

बच्चों, यहां एक अधूरा चित्र और उसके बगल में कुछ कट-आउट्स दिए गए हैं। तुमको इन कट-आउट्स को सही जगह लगाकर चित्र पूरा करना है।




उत्तर:A-1, B-2, C-4, D-3

## खबर संक्षेप


महेंद्रगढ़। विद्यार्थियों को जागरूक करती निरीक्षक मीनाक्षी। फोटो: हरिभूमि

### विद्यार्थियों को गुड टच बैड टच की जानकारी दी

**महेंद्रगढ़।** आज के समय में गुड टच बैड टच जागरूकता महत्वपूर्ण है, महेंद्रगढ़ पुलिस की ओर से विभिन्न स्कूलों और विभिन्न स्थानों पर छात्रों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए सेमिनार आयोजित किए जा रहे हैं। दुर्गा शक्ति इंचार्ज निरीक्षक मीनाक्षी और उनकी टीम द्वारा विद्यालय के विद्यार्थियों को गुड टच और बैड टच के बारे में बताया जा रहा है। इस संबंध में पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि दुर्गा शक्ति की टीम गांव बेरी के सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक सेमिनार आयोजित किया गया।


नारनौल। विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया

**नारनौल।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में उपायुक्त मोनिका गुप्ता व स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार स्वास्थ्य सप्ताह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रवक्ता जीव विज्ञान पूनम यादव ने विद्यार्थियों से कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क विकसित हो सकता है। उन्होंने एचआईवी एड्स व टीबी जैसी जानलेवा बीमारियों के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक किया। प्रवक्ता रसायन शास्त्र मंजू बाला ने विद्यार्थियों को अनेक जिज्ञासाओं के उत्तर दिए।

### जरूरतमंद बच्चों को स्कूल ड्रेस वितरित

**नारनौल।** सैनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य मानसिंह नूनीवाल ने जरूरतमंद बच्चों को स्कूल ड्रेस वितरित की है। इस संबंध में प्रवक्ता हुकमचंद सैनी ने बताया कि नूनीवाल समय-समय पर बच्चों की हर प्रकार की सहायता करते रहते हैं। उनका मानना है कि पैसों के अभाव में किसी होनहार विद्यार्थी की पढ़ाई बाधित नहीं होनी चाहिए। इस नेक काम के लिए सभा के प्रधान बिशनसिंह सैनी, प्रशासक प्रेमसिंह सैनी, रोहतास सैनी, निहाल सिंह सैनी, बलवंत सैनी, भारत सैनी ने प्राचार्य का धन्यवाद किया। इस मौके पर माया देवी, वीनू शर्मा व अन्य मौजूद रहे।

### पक्षियों के लिए रखें दाना-पानी के सकोरे

**नारनौल।** प्रचंड गर्मी से पक्षियों को बचाने की मुहिम को जन अभियान के रूप में लेते हुए गांव जैलाफ में पर्यावरणविद कैप्टन गिरवर प्रसाद के सदस्यों के साथ मिलकर वीरवार को गांव के आंगनबाड़ी केंद्र, प्राइमरी स्कूल व सीनियर सेकेंडरी स्कूल सकोरे रखे। इस अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जैलाफ के प्राचार्य लोकेश कुमार व पर्यावरणविद गजराज सिंह ने कहा कि पक्षी पर्यावरण के सजग प्रहरी व प्रकृति की शोभा है। पक्षियों की चहचहाहट बहुत जरूरी है।

# आज मनाया जाएगा भगवान परशुराम जन्मोत्सव, अक्षय तृतीया के दिन खरीदारी करना शुभ

- अक्षय तृतीया के दिन खरीदारी करना होगा शुभ, सोना-चांदी, घड़े, दीपक की करें खरीददारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

हिंदू धर्म में अक्षय तृतीया के पर्व का विशेष महत्व होता है। पंचांग के अनुसार हर साल वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को अक्षय तृतीया का त्यौहार मनाया जाता है। अक्षय तृतीया को (अबूझ) सर्वश्रेष्ठ सिद्ध मुहूर्त माना गया है यानि इस दिन बिना मुहूर्त विचार के कोई भी शुभ और मांगलिक कार्य किया जा सकता है। ज्योतिषाचार्य पंडित राहुल भारद्वाज ने बताया कि इस बार अक्षय तृतीया भगवान परशुराम जन्मोत्सव शुक्रवार को मनाया जाएगा। इस बार आखा तीज पर अक्षय तृतीया के दिन बृहस्पति ग्रह और चंद्रमा वृषभ राशि में युति बनाएंगे। इन दोनों के संयोग से गजकेसरी योग का निर्माण होगा। यह योग धन-धान्य और सुख-समृद्धिदायक माना जाता है, इसलिए अक्षय तृतीया के दिन अगर आप दान करते हैं तो आपको आर्थिक लाभ मिलेगा।

### आज के दिन हुआ भगवान परशुराम का जन्मः ज्योतिषाचार्य पंडित राहुल भारद्वाज



भारद्वाज गढ़ी ने बताया कि भगवान परशुराम का जन्म अक्षय तृतीया के दिन हुआ था। इसलिए अक्षय तृतीया के दिन परशुराम जन्मोत्सव मनाया जाता है। भगवान परशुराम विष्णु भगवान के छठे अवतार थे। वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को पुनर्वसु नक्षत्र में रात्रि के प्रथम प्रहर में उच्च के ग्रहों से युक्त मिथुन राशि पर राहु के स्थित रहते माता रेणुका के गर्भ से भगवान परशुराम का जन्म हुआ था। इनके पिता का नाम जमदग्नि ऋषि था। ये अपनी माता-पिता चौथी संतान थे। मान्यताओं अनुसार संसार में आठ ऐसे चिंरजीवी हैं, जो युगों-युगों से इस पृथ्वी पर मौजूद हैं। उनमें से एक भगवान परशुराम भी है। उन्होंने बताया इस तिथि को प्रदोष व्यापिनी रूप में ग्रहण करना चाहिए, क्योंकि भगवान परशुराम का प्राकट्य काल प्रदोष काल ही है। भविष्यपुराण में उल्लेख है कि इस दिन युगादि तिथियों की गणना होती है। सतयुग व त्रेतायुग की शुरूआत इसी दिन से हुई थी। तिथि को लेकर अन्य मान्यताएं भी हैं। महर्षि वेदव्यास ने इसी दिन से महाभारत लिखना शुरू किया था।

### इस दिन खरीदारी करना भी शुभ होता है

भारद्वाज गढ़ी ने बताया कि अक्षय तृतीया के दिन खरीदारी करना बहुत ही शुभ माना जाता है। इस दिन खरीदी गई वस्तुओ में वृद्धि होती है। इस दिन सोना-चांदी के आभूषण की खरीददारी करनी चाहिए। अक्षय तृतीया के दिन मिट्टी की महत्ता सोना खरीदने के बराबर माना जाता है। अगर आप सोना-चांदी नहीं खरीद पा रहे हैं तो मिट्टी का पात्र जैसे घड़ा, दीपक आदि चीजों को इस दिन घर लाना शुभ माना जाता है। ऐसा करने से आपकी संपत्ति में इजाफा होता है।

## बच्चों ने कार्यक्रम पेश कर मां के प्रति आभार जताया

# यदुवंशी में मनाया गया मातृ दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। माताओं को सम्मानित करते हुए तथा छात्राओं को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

यदुवंशी शिक्षा निकेतन में मातृ दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि यदुवंशी ग्रुप चेयरमैन राव बहादुर सिंह, वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव एवं चेयरपर्सन संगीता यादव विशिष्ट अतिथि तथा निदेशक विजय सिंह यादव ने अध्यक्ष के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यादात्री मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया, तत्पश्चात विद्यार्थियों ने मां की महिमा पर भजन प्रस्तुत कर मातृ दिवस का महत्व बढ़ाया। उन्होंने अपनी कविताओं के माध्यम से जीवन में मां की आवश्यकता को भी प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में मां तुझे सलाम, मुझे माफ करना, ओम साईं राम, तेरी उंगली पकड़कर चला, तू कितनी अच्छी है ओ मां आदि गाने आकर्षण का केंद्र रहे। इस दौरान अभिभावकों के लिए ग्लास बैलेंस गेम, सुई-धागा, मिमिक्री, नृत्य तथा म्यूजिकल चेयर आदि खेल करवाए गए, जिसमें ग्लास बैलेंस गेम एवं म्यूजिकल चेयर में अन्नु तथा सुई-धागा गेम में गिन्नी देवी प्रथम रही। निदेशक विजय सिंह यादव ने कहा कि मां बच्चे के जीवन के हर चरण में समर्थन करती है। मां बच्चे को सांस्कृतिक व नैतिक मूल्य दोनों सिखाती है। वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव एवं चेयरपर्सन संगीता यादव ने मातृ दिवस को जीवन का प्रमुख एवं सर्वश्रेष्ठ दिवस बताया। चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने कहा कि मां से बढ़कर इस दुनिया में कोई संरक्षक नहीं हो सकता, क्योंकि वह जानती है कि बच्चे के लिए सबसे जरूरी क्या है। उन्होंने कहा कि मां की ममता वो नींव का पत्थर होती है जिस पर एक बच्चे के भविष्य की ईमारत खड़ी होती है। अतः हमें उनका सम्मान करते हुए, उनके दिए गए मार्गदर्शन पर चलना चाहिए, ताकि हमारा जीवन सुवासित बन सके। इस अवसर पर प्राचार्य सुखजिंदर सिंह, उपप्राचार्य पवन यादव, हैड अरविंद्र यादव, नरेंद्र यादव, सुंदर सुहाग, नवीन स्वामी, निशा यादव उपस्थित रही।

### बीआर स्कूल सेहलंग में मनाया विश्व मातृ दिवस

**महेंद्रगढ़।** बीआर स्कूल सेहलंग में मातृ दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में चेयरमैन हरीश भारद्वाज मुख्यातिथि, प्रिंसीपल राम मोहन वशिष्ठ अध्यक्ष तथा ज्योति भारद्वाज विशिष्ठ अतिथि के रूप में रहे। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ की। कक्षा नर्सरी से दूसरी के विद्यार्थियों ने मातृ प्रेम पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम जैसे ग्रुप डांस और लघु नाटिका मंच पर प्रस्तुत किए और अपनी माताओं के लिए स्वयं ग्रीटिंग कार्ड बनाकर उपहार स्वरूप दिए। कार्यक्रम में चेयरमैन हरीश भारद्वाज, प्राचार्य डॉ. राममोहन वशिष्ठ, उप प्राचार्या ज्योति भारद्वाज ने सरस्वती मां की प्रतिमा के आगे दीप प्रज्वलित किया। कक्षा तीसरी से पांचवीं के छात्रों ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में विभिन्न प्रकार की कलाकृतियों के माध्यम से मां के प्रेम और वात्सल्य को दर्शाया। कक्षा छह से 12वीं के विद्यार्थियों ने /"मेरी मां, मेरा किस्सा/" के अंतर्गत बहुत आत्मीय क्षणों को सारगर्भित किया।


महेंद्रगढ़। पतियोगिता के दौरान पेंटिंग बनाते बच्चे। फोटो: हरिभूमि

### विद्यार्थियों ने पेंटिंग के माध्यम से उकेरा मातृशक्ति का प्रेम

**महेंद्रगढ़।** हैप्पी एवरग्रीन स्कूल के विद्यार्थियों ने पेंटिंग के माध्यम से मातृशक्ति के त्याग, समर्पण, सहनशीलता और ममता जैसे गुणों को दर्शाया। विंग प्रभारी ईश्वर सिंह और हुकुमचंद गर्ग के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक पेंटिंग बनाई, जिसमें मातृशक्ति के गुणों को फलीभूत करने का प्रयास किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा छठी से दसवीं के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने अपने कलात्मक कौशल का प्रदर्शन किया। विंग प्रभारी ईश्वर सिंह ने बताया कि मां बच्चों के लिए सुपर हीरो होती है। मां के प्रति प्रेम, समर्पण और त्याग को व्यक्त करने के लिए हमारे छात्र-छात्राओं द्वारा बनाई गई पेंटिंग बहुत सराहनीय थी। प्राचार्य डॉ. जेएस कुंतल ने बच्चों के कलात्मक कौशल की प्रशंसा की और उन्हें भविष्य में अपने मां-बाप का सम्मान और प्रतिष्ठा बनाए रखना के लिए प्रेरित किया। प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल और मैनेजर चंचल अग्रवाल ने बताया कि एक बच्चे पर मां द्वारा किए गए उपकारों का ऋण जीवन भर नहीं चुकाया जा सकता। परंतु यदि हमारे छोटे से प्रयास से मां के हृदय को प्रसन्नता के कुछ क्षण प्राप्त होते हैं तो इस तरह के प्रयास निरंतर करते रहना चाहिए। प्राचार्य, प्रबंध निदेशक, मैनेजर और विंग प्रभारी ने मिलकर सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों की प्रशंसा की और विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

## एचपीएस में बेस्ट मदर, सुपर मॉम का चयन


नारनौल। मदर्स डे पर आयोजित कार्यक्रम मे भाग लेते बच्चे। फोटो: हरिभूमि

**नारनौल।** नांगल चैधरी रोड स्थित हरियाणा पब्लिक स्कूल में वीरवार को मदर्स डे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के प्राइमरी विंग के विद्यार्थियों व उनकी माताओं ने हिस्सा लेकर मदर्स डे सेलिब्रेशन का आनंद लिया। विद्यालय की बालिकाओं ने कार्यक्रम में पहुंची सभी माताओं को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। इसके बाद विद्यालय के डीन मनोज भारद्वाज व प्राचार्य सुनील यादव ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज किया। सर्वप्रथम छात्रा तमन्ना ने प्रथम पूज्य भगवान गणेश की वंदना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। किड्स ब्लॉक इंचार्ज सोनल चैबे ने विद्यालय में पधारी सभी माताओं का अभिनंदन करते हुए कहा कि वैसे तो मां के लिए इंसान का समस्त जीवन ही समर्पित होता है, फिर भी बच्चों को मां की महत्ता बताने व मां के प्रति बच्चों के भाव प्रदर्शित करने के लिए मदर्स डे का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम में भाग लेने वाली माताओं में से ममता चैहान को बेस्ट मदर, वर्षा रानी को सुपर मॉम व मोनिका सैनी को एक्टिव मॉम के लिए चुना गया। विद्यालय की प्रबंध निदेशिका निधि वर्मा ने चुनी गई महिला शक्ति को सम्मानित किया गया।

## गुरु द्रोणाचार्य स्कूल में मनाया गया मातृ दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल


नारनौल। मातृ दिवस कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे।

- शिक्षकों ने बच्चों को दिवस के बारे में बताया

शहरी क्षेत्र ढाणी किरारोद में स्थित गुरु द्रोणाचार्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वीरवार मातृ दिवस धूमधाम मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के अध्यक्ष अजय कुमार ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि वैसे तो मातृ दिवस 12 मई को मनाया जाता है, लेकिन विद्यालय में दो दिन का सरकारी अवकाश होने के कारण यह आज ही मनाया गया। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि मां की शक्ति महत्ता का अलग ही महत्व है। विद्यालय के प्राचार्य नेतराम सैनी ने कहा मातृ दिवस अपने परिवार की भलाई, खुशी सुनिश्चित करने के लिए अक्सर पर्दे के पीछे माताओं द्वारा किए जाने वाले अनगिनत बलिदानों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए एक अनुस्मारक के रूप में कार्य करता है। विद्यालय की एमडी पूजन सैनी ने बताया की मातृ दिवस का बहुत महत्व है, क्योंकि यह हमें समाज में माताओं के अमूल्य योगदान को स्वीकार करने और इसका जश्न मनाने की अनुमति देता है। प्रवक्ता धर्मपाल ने कहा कि माताएं अपने बच्चों के जीवन को आकार देने के लिए मूल्य प्रदान करने, सहायता प्रदान करने और विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस मौके पर विद्यालय के वाइस चेयरमैन कुलदीप सैनी, कमल सिंह, विकास कुमार, अंकित सैनी, मनोज कुमार, हेमंत, प्राथमिक हेड ममता यादव, मोना, मीनाक्षी, सुनील कुमार, प्रवीण सैनी, सुनीता यादव, लक्ष्मी शर्मा, युविका, मधु, दरयाव सिंह, अशोक कुमार, संदीप, मंजू आदि मौजूद थे।


महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

### रामचंद्र पब्लिक स्कूल में मनाया मदर्स-डे

**महेंद्रगढ़।** रामचंद्र पब्लिक स्कूल कनीना में मदर्स-डे मनाया गया। मदर्स-डे के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से हमारे जीवन में मां के महत्व के बारे में बताया गया। विद्यार्थियों ने मातृ दिवस पर कविता, कहानी, नृत्य, लघु नाटिका प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालक ममता यादव ने किया। उन्होंने मां की महिमा का वर्णन करते हुए त्याग, प्रेम, दया और स्नेह की मूर्ति बताया, जिसकी छाया में मनुष्य ही नहीं देवता भी स्वयं को आनंदित अनुभव करते हैं। उन्होंने कहा कि मां ही बच्चे की मुख भाषा को समझती है। प्रधानाचार्या मनीषा यादव ने कहा कि केवल इसी दिन नहीं, बल्कि प्रत्येक दिन हमें अपनी मां का शुक्रिया अदा करना चाहिए, जिसने हमें हमारा अस्तित्व प्रदान किया है। विद्यालय के छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में नृत्य, संगीत प्रस्तुत किए। आरआरसीएम ग्रुप चेयरमैन राव रोशनलाल ने सभी माताओं का आभार व्यक्त करते हुए अपने अनुभव के आधार पर बताया कि मां का एक बच्चे के जीवन में क्या महत्व होता है। कोऑर्डिनेटर रितु यादव, एक्टिविटी इंचार्ज अनीता यादव का भी आभार व्यक्त किया कि उन्होंने इतने कम समय में बच्चों को इतने अच्छे से तैयार किया।

## छात्रों को साइबर क्राइम के प्रति किया जागरूक

**नारनौल।** गर्ल्स आईटीआई में साइबर क्राइम को रोकने व बचाव के संबंध में साइबर थाना की टीम ने छात्राओं को साइबर क्राइम के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मोबाइल पर बगैर पुष्टि किए किसी को भी अपना महत्वपूर्ण डाटा शेयर न करें। मैसेज, मेल आदि के माध्यम आय अज्ञात लिंक पर क्लिक ना करें। इस दौरान उन्होंने छात्राओं को साइबर अपराध से बचने के लिए अनेक उदाहरण देकर विस्तारपूर्वक समझाया। कहा कि हम किस प्रकार मोबाइल फोन, उसकी वीडियो कॉल आदि के द्वारा होने वाले अपराधों से किस प्रकार बच सकते हैं। हम किसी भी लालच में आकर ऐसे अपराधियों के शिकार हो जाते हैं। हमें अपना आधार नंबर, ओटीपी किसी को भी नहीं बताना चाहिए। टीम ने बताया कि सावधानी ही साइबर अपराध से बचने का उपाय है। सोशल मीडिया पर अनजान लोगों को अपनी जानकारी न दें और निजी जानकारी भी शेयर करने से बचें। उन्होंने बताया कि साइबर अपराध होने पर साइबर क्राइम हेल्प लाइन नंबर 1930 पर काल करें। साथ ही बताया कि साइबर धोखाधड़ी के मामलों में अपनी शिकायत नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट साइबर क्राइम डॉट जीओवी डॉट इन पर या नजदीकी थाना/चौकी में शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।


नारनौल। आईटीआई में विद्यार्थियों को साइबर क्राइम के बारे में जागरूक करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### ब्वॉयज आईटीआई में साइबर क्राइम रोकने के लिए संगोष्ठी आयोजित

ब्वॉयज आईटीआई में साइबर क्राइम थाना पुलिस टीम ने वीरवार को साइबर क्राइम को रोकने के संबंध में संगोष्ठी का आयोजन किया। इस दौरान टीम ने आईटीआई के छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम के बारे में जानकारी दी। सेमिनार में एएसआई इंद्रजीत ने छात्रों को साइबर अपराध से बचने के लिए अनेक उदाहरण देकर विस्तारपूर्वक समझाया। साइबर थाना की टीम ने इससे बचाव के लिए छात्रों से अपने ई-मेल आइडी पासवर्ड व सोशल एकाउंट पासवर्ड पर टू स्टेप सिक्योरिटी लगाने की बात कही। इसी के साथ ही उनसे पासवर्ड के रूप में जन्मतिथि व फोन नंबर आदि ना डालने की बात कही।


नारनौल। कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

### सरस्वती विद्यालय में परशुराम जयंती मनाई

**नारनौल।** सरस्वती बाल मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वीरवार को परशुराम जयंती मनाई गई। इस अवसर पर कक्षा नौवीं की छात्रा योगिता व छात्र नैतिक ने परशुराम जी के जीवन पर प्रकाश डाला। हिंदी प्रवक्ता मीनाक्षी ने परशुराम के जीवन का विस्तृत वर्णन किया और उनके पदचिह्नों पर चलने का आग्रह किया। अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या क्षमा पाण्डेय व विद्यालय के संचालक मुकेश शर्मा ने सभी को बधाई दी। मंच संचालन अंग्रेजी प्रवक्ता संदीप ने किया।

### दयाशंकर तिवाड़ी के योगदान को सराहा

**महेंद्रगढ़।** गोसेवा आयोग के पूर्व सदस्य एवं ब्राह्मण सभा के पूर्व प्रधान दयाशंकर तिवाड़ी के निधन पर विभिन्न राजनीतिक दल, सामाजिक संगठन और धार्मिक संगठन के लोगों ने उनके आवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष कंवर सिंह यादव ने कहा कि जिस प्राणी ने धरती पर जन्म लिया है उसका एक दिन मरना तय है। दयाशंकर तिवाड़ी बहुत उच्च कोटि के व्यक्ति थे। उन्होंने सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं में रहकर बहुत अच्छे कार्य किए हैं। उनके अंदर काम करने की लगन एवं दृढ़ इच्छा शक्ति थी। इस मौके पर हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के पूर्व सदस्य देवेंद्र यादव ने कहा कि यह पूरे क्षेत्र के लिए अपूर्णीय क्षति है। जिसको कभी पूरा नहीं किया जा सकता। उन्होंने हमेशा गोसेवा पर ध्यान दिया। इस मौके पर चेतन प्रकाश गौड सहित अन्य मौजूद रहे।

## स्वीप एक्टिविटीः नागरिकों को मतदान करने की दिलाई शपथ

# पीएनबी इलेवन ने विलेजर्स इलेवन को 2 विकेट से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल


नारनौल। खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित करते पीएनबी मंडल प्रमुख दीपक मेहतानी। फोटो: हरिभूमि

लोकसभा आम चुनाव के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के अभियान में स्वीप एक्टिविटी के तहत जिले के गांव नीरपुर राजपूत में डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच का आयोजन किया गया। सम्राट पृथ्वीराज चौहान स्टेडियम में आयोजित इस फाइनल मैच में पीएनबी इलेवन ने विलेजर्स इलेवन को दो विकेट से हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। इससे दो दिन पूर्व पीएनबी इलेवन ने डीसी इलेवन को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। क्रिकेट टूर्नामेंट के डे-नाइट मैच के फाइनल मुकाबले में विलेजर्स इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। विलेजर्स इलेवन की टीम 16.3 ओवर में 75 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करते हुए पीएनबी इलेवन की टीम 14.3 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 76 रन बनाकर जीत हासिल कर ली। पीएनबी इलेवन की तरफ कुलदीप ने 2.3 ओवर में केवल नौ रन देकर तीन विकेट हासिल किए। उन्हें मैन ऑफ दी मैच का खिताब दिया गया। पीएनबी इलेवन की तरफ से कप्तान अनिल ने सर्वाधिक 17 रन बनाए। इस अवसर पर काफी संख्या में ग्रामीणों ने भी मैच का आनंद उठाया।

### जिला प्रशासन ने करवाया आयोजन

जिला प्रशासन व पंजाब नेशनल बैंक के सौजन्य से तथा सम्राट पृथ्वीराज चौहान सोशल क्लब के सहयोग से आयोजित इस क्रिकेट टूर्नामेंट के डे-नाइट मैच का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को आगामी 25 मई को लोकसभा आम चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में मतदान केंद्र पर पहुंचकर वोट के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर पीएनबी मंडल प्रमुख दीपक मेहतानी ने विजेता तथा सेकंड रनर अप टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। उन्होंने नागरिकों को मतदान करने की शपथ भी दिलाई। इस मौके पर जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा, लीड बैंक मैनेजर विजय सिंह व सरपंच रतनपाल के अलावा अन्य गणमान्य नागरिक भी मौजूद थे।

## गैलेक्सी स्कूल में कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता

- कक्षा दूसरी से जयान प्रथम स्थान पर रितिका द्वितीय स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़


महेंद्रगढ़। बनाए हुए कार्ड दिखाते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

गैलेक्सी स्कूल बवानिया में कक्षा दूसरी से पांचवी तक के बच्चों में मदर्स-डे के उपलक्ष्य पर कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। मीडिया प्रभारी संजय शास्त्री ने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन प्राइमरी विंग की हैड मीना के दिशा-निर्देश द्वारा करवाया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया, जिसके परिणाम में कक्षा दूसरी से जयान प्रथम स्थान पर रितिका द्वितीय स्थान पर तथा निकिता व अयान तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार कक्षा तीसरी से शिखा प्रथम स्थान पर प्रिंस द्वितीय स्थान पर व यशिका तृतीय स्थान पर रही। कक्षा चौथी से हर्ष व चेतना प्रथम स्थान पर प्रज्ञा व मैरी द्वितीय स्थान पर भारती कनक व गर्व तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा पांचवी से देव व यशीका प्रथम स्थान पर हार्दिक व आस्था द्वितीय स्थान पर तथा जयंत व नितेश तृतीय स्थान पर रहे। प्रधानाचार्य करण सिंह ने बताया कि विद्यालय वह प्लेटफार्म है, जहां बच्चा सीखकर निकलता है।

## खबर संक्षेप



महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देती छात्राएं। फोटो: हरिभूमि

### मदर्स-डे पर हुआ नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन

**महेंद्रगढ़।** श्री ओमसाईंराम पब्लिक स्कूल में मदर्स-डे के उपलक्ष्य में नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। विद्यालय चेयरमैन रमेश सैनी एवं चेयरपर्सन निशा सैनी ने बताया कि इस नृत्य प्रतियोगिता में कक्षा तीसरी से कक्षा पांचवी तक के लगभग 150 बच्चों ने भाग लिया, जिनमें छात्रा-नव्या, भावना, दीक्षा, सृष्टि, आन्या और मायरा की प्रस्तुति सर्वश्रेष्ठ रही। उन्होंने बताया कि मदर्स-डे दुनियाभर में मनाया जाने वाला एक खास दिन है। यह सभी माताओं के सम्मान के लिए समर्पित होता है। यह पूरी दुनिया में अलग-अलग दिन मनाया जाता है।

### यदुवंशी डिग्री कॉलेज में मनाई महाराणा जयंती

**महेंद्रगढ़।** यदुवंशी डिग्री कॉलेज में महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई। इस मौके पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जयंती कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पार्पित किए तथा महाराणा प्रताप के गौरवशाली इतिहास को याद किया।

संस्था अध्यक्ष राव बहादुर सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप हिंदू धर्म एवं संस्कृति के रक्षक एवं महान स्वतंत्रता प्रेमी थे। मुख्य वक्ता के रूप में डायरेक्टर विजय सिंह यादव ने महाराणा प्रताप के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला।

### धरती पर पाप बढ़ने पर अवतार लेते हैं भगवान

**सतनाली मंडी।** गांव नांगलमाला में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में कथाव्यास कालिया महाराज मेहंदीपुर बालाजी ने कहा कि श्रीभागवत कथा से कल्याणकारी और कोई भी साधन नहीं है। जब-जब धरती पर पाप व अनाचार बढ़ता है, तब-तब भगवान श्रीहरि धरा पर किसी न किसी रूप में अवतार लेकर भक्तों के संकट को हरते हैं। कथा में उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं व रासलीला का भावपूर्ण वर्णन करते हुए अनेक भक्तिपूर्ण भजन भी प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा श्रवण मुक्ति का मार्ग है।

### 13 से 17 तक मतदाता जागरूकता अभियान

**नारनौल।** शिक्षा विभाग की ओर से 13 से 17 मई तक खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय अटेली, कनीना, महेंद्रगढ़, नांगल चौधरी व नारनौल खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जिले के प्रत्येक विद्यालय के स्काउट्स मास्टर, गाइड्स कैप्टन तथा कब मास्टर, बुलबुल फ्लोक लीडर का भारत सरकार के ऑनलाइन यूथ मेंबरशिप सिस्टम पोर्टल के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा। 13 मई को खंड अटेली के लिए खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय अटेली में सुबह 10 बजे कैंप का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 14 मई को कनीना, 15 को महेंद्रगढ़, 16 को नांगल चौधरी व 17 को नारनौल खंड के विद्यालयों में किया जाएगा।

# छापड़ा सलीमपुर की बेटी नीरू यादव ने किया यूएन में देश का प्रतिनिधित्व, राजस्थान के लांबी अहीर की हैं सरपंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

नारनौल शहर के नजदीक गांव छापड़ा सलीमपुर में जन्मी नीरू यादव आज किसी परिचय की मोहताज नहीं है। नीरू यादव पड़ोसी प्रदेश राजस्थान में झुंझुनूं जिला के गांव लांबी अहीर की सरपंच है।

बतौर सरपंच रहकर जनहित में किए गए कार्यों और लड़कियों की गांव में हॉकी टीम तैयार करने के बाद नीरू यादव पूरे देशभर में चर्चित हो गई। नई पहचान हॉकी वाली सरपंच नीरू यादव के रूप में मिली है। हाल ही में नीरू यादव ने यूएन में भारत का प्रतिनिधित्व किया। वहां पंचायत स्तर पर बालिकाओं व महिलाओं को सशक्त करने के लिए किए गए नवाचारों में अपने अनुभव को सांझा किया। इस बेटी के नारनौल पहुंचने पर हरियाणा यादव महासभा ने सम्मानित किया। इस अवसर पर हरियाणा यादव महासभा के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश यादव ने बताया कि राजस्थान में झुंझुनूं जिले की ग्राम पंचायत लांबी अहीर की सरपंच नीरू यादव न्यूयॉर्क पहुंची। वहां संयुक्त राष्ट्र के जनसंख्या व विकास आयोग की ओर से आयोजित वाले वार्षिक सम्मेलन सीपीडी मीट-2024 में चुने हुए जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व अनुभव विषय पर अपने विचार को यूएन सम्मेलन में सांझा किया।



- नि:शुल्क 21000 हजार पौधे व 1100 हेलमेट कर चुकी हैं वितरित

नारनौल। सरपंच नीरू यादव को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

## केंद्र सरकार से मांग...नीरू यादव को मिले नारी शक्ति पुरस्कार

हरियाणा यादव महासभा ने केंद्र सरकार से मांग की है कि भारतीय नारी सशक्तिकरण का बहुत बड़ा उदाहरण बन चुकी हरियाणा की बेटी नीरू यादव को नारी शक्ति पुरस्कार दिया जाए। इस मौके पर हरियाणा यादव महासभा प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश यादव, हरियाणा यादव महासभा जिला अध्यक्ष प्रवीण यादव, हरियाणा यादव महासभा के हल्का अध्यक्ष नवीन यादव, टाईगर क्लब सह सचिव एवं सैनी समाज के वरिष्ठ समाजसेवी प्रमोद सैनी, अरुण सोनी, प्रवीन कुमार आदि मौजूद थे।

नीरू यादव के साथ आंध्रप्रदेश की ग्राम पंचायत पिकेरु की सरपंच कुनुकु हेमा कुमारी, त्रिपुरा की सेपाहिजला जिला परिषद की सभाधिपति सुप्रिया दास दत्ता ने भी न्यूयॉर्क में विचार सांझा किए। आपको यह भी बताते चले कि नीरू यादव ने अपनी पंचायत में कई नई पहल की हैं। जैसे कि पंचायत की बालिकाओं की हॉकी टीम तैयार करवाकर कोच के माध्यम से नियमित अभ्यास करवाना। अपने क्षेत्र में बर्तन बैंक खुलवाकर ग्राम पंचायत को प्लास्टिक से मुक्त करवाने की पहल की। साथ ही ग्रामीण महिलाओं से पुराने कपड़ों के थैले बनवाकर महिलाओं को सशक्त बनाया। इसी प्रकार पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए विवाह पर कन्यादान के रूप में पौधे देकर नई मुहिम की शुरूआत की। इसके अलावा मेरा पेड़-मेरा दोस्त मुहिम शुरू की। जिसके अंतर्गत राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को 21000 पौधे नि:शुल्क वितरित किए गए।

सरपंच नीरू यादव ने सरपंच सीरीज चलाकर आम जनता को अपने अधिकारों के बारे में जागरूक किया। आपके द्वार मुहिम के अन्तर्गत वृद्ध एवं दिव्यांगजनों को हर माह उनके घर पर पेंशन निकालकर पहुंचाने की पहल की। पंचायत स्तर सरपंच पाठशाला का प्रारंभ करते हुए बालिकाओं को कम्प्युटर शिक्षा से जोड़ा तथा डिजिटल आंगनबाड़ी और आधुनिक प्ले स्कूल का निर्माण करवाया। अपने जन्मदिन को सड़क सुरक्षा दिवस के रूप में मनाकर अन्य सरपंचों को सड़क सुरक्षा के लिए प्रेरित करते हुए 1100 हेलमेट वितरित किए।

## पिछले साल के मुकाबले इस साल मटकों की बिक्री बिक्री होने की उम्मीद

# गर्मी में बढ़ी देशी फ्रिज की डिमांड मिट्टी नहीं मिलने से कुम्हार परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

चढ़ते पारे के साथ ही इन दिनों देशी फ्रिज यानि मटकों की डिमांड भी बढ़ी हुई है। बिना बिजली के प्राकृतिक रूप से पानी का ठंडा बनाने वाले मटकों के प्रति लोगों का आकर्षण बढ़ा हुआ है। यही वजह है कि लोग भी देशी फ्रिज कहे जाने वाले मटकों की बिक्री बढ़ रही है, लेकिन कमाल की बात है कि अब नारनौल एवं आसपास के कुम्हार मिट्टी नहीं मिलने से वह मिट्टी के बर्तन बनाने में असमर्थ हो गए हैं तथा अलवर जैसे क्षेत्र से लाकर इन्हें बेचने में लगे हुए हैं।

गौरतलब है कि मई का महीना शुरू होते ही दक्षिण हरियाणा का तापमान लगातार बढ़ रहा है। तपिश बढ़ने से देसी फ्रिज यानी मिट्टी के मटकों की मांग में भी तेजी आ गई है। बदलते समय के साथ मिट्टी के मटकों के बनावट, रंग, आकार और डिजाइन में भी कई बदलाव आए हैं, जो ग्राहकों को काफी आकर्षित करते हैं। नारनौल शहर में अनेक ऐसे परिवार हैं, जो आजादी के पहले से मिट्टी के बर्तन यानि मटके वगैरा बना रहे हैं। मटके में रखा पानी शीतल होने के साथ स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है। इसके चलते मटकों की सेल में काफी बढ़त दर्ज हो रही है। इस बार पिछले साल की तुलना में गर्मी अधिक पड़ने से मटकों की बिक्री का बाजार भी गर्म है।



पहले दोंगली के जोहड़ से मिट्टी लाकर बर्तन बना लेते थे कुम्हार, लेकिन अब मिट्टी खत्म होने से अलवर जिले से मटके वगैरा लाकर बेचने को हो रहे मजबूर

नारनौल। कैलाश नगर में प्रजापत कुम्हार के यहां से मटके खरीदते लोग।

### अब मशीनों से होता है काम



अपने पिता के साथ कुम्हार का काम करने वाले कैलाश नगर निवासी पवन प्रजापत ने बताया कि मटका बनाने में काफी मेहनत लगती है। इसके लिए सबसे पहले मिट्टी को छाना जाता है। फिर गीला करके खूब रोंदा जाता है। पहले ये काम हाथ से होता था, लेकिन अब मशीनों के मदद से रौंदना आसान हो गया है और जल्दी भी हो जाता है। मिट्टी रौंदने के बाद उसे चाक पर चढ़ाने के लिए हाथों से खूब गूंथा जाता है और फिर मिट्टी को चाक पर आकार दिया जाता है। अब बिजली से चलने वाले चाक आ गए हैं। इसलिए एक दिन में 50 से 60 मटके तैयार कर लेते हैं। उन्होंने बताया कि मोल्डिंग यानि मिट्टी को आकार देने के बाद मटकों को हल्की हवा और छांव में सुखाया जाता है। ऐसा तीन दिन तक किया जाता है। हल्का सूखने के बाद उन पर कलाकारी और रंग किए जाते हैं। फिर मटकों को भट्टी में पकाया जाता है। भट्टी को जलाने के किसी भी तरह का केमिकल का इस्तेमाल नहीं किया जाता है। भट्टी के आकार पर निर्भर करता है कि उसमें एकबार में कितने मटके आते हैं।

### क्या कहते हैं भीमसिंह प्रजापत



बचपन से ही कुम्हार का काम करने वाले कोलियान निवासी भीमसिंह प्रजापत ने बताया कि वह एक दिन में 50 से 60 मटके तैयार कर लेते हैं। इन मटकों को भट्टी को शाम को सुलगाया जाता है तथा रातभर में मटके व मिट्टी के अन्य बर्तन पक कर तैयार हो जाते हैं। मटके बनाने के लिए काली मिट्टी का इस्तेमाल किया जाता है। फिलहाल, मिट्टी नहीं मिलने से मटके व अन्य बर्तन अलवर जिले से मंगवाए जाते हैं। उन्होंने बताया कि होली के बाद से मटके पकाने का काम शुरू कर देते हैं। मटकों का बाजार अप्रैल से जुलाई की बीच फलता-फूलता है। उन्होंने बताया कि रिटेल दुकानदार अपने क्षेत्र के ग्राहकों की मांग के अनुसार ही मटकों को खरीद कर ले जाते हैं। अब पहले की तुलना में बिक्री में फर्क आया है, क्योंकि लोग फ्रिज एवं आरओ इस्तेमाल करने लग गए हैं, लेकिन बढ़ती बीमारियों को देखते हुए लोग वापस मटके के पानी की तरफ लौटने लगे हैं।

### मिट्टी नहीं मिलने से धंधा हो रहा चौपट

मिट्टी के बर्तन यानि मटके आदि बनाने के लिए पहले मिट्टी दोंगली गांव के जोहड़ से लेकर आते थे। वहां की मिट्टी सर्वोत्तम मिट्टी होती थी, लेकिन अब वहां मिट्टी मिलना बंद हो गई है। अन्य जगहों पर भी मिट्टी नहीं मिल पा रही। मिट्टी नहीं मिलने से उनका काम-धंधा ही चौपट हो गया है। इस कारण मिट्टी के बर्तन बनाने का धंधा छूटता जा रहा है। अब नारनौल के कुम्हार अलवर जिले से मिट्टी के बर्तन लाकर यहां बेचने लगे हैं। किराया-भाड़ा एवं मजदूरी लगाकर यह काफी महंगा पड़ने लगा है।

### मटके का पानी पीने के यह हैं लाभ

- मटके के पानी में पोषक तत्व और मिनिरल्स होते हैं।
- शरीर में ग्लूकोज को बनाए रखता है व सन-स्ट्रोक से बचाता है।
- पाचन और मेटाबॉलि'म में सुधार लाता है।
- मिट्टी में एंटी-इंफ्लेमेटरी तत्व पाए जाते हैं।
- शरीर का दर्द, ऐंठन और सूजन की समस्या कम होती है।
- आर्थराइटिस जैसी बीमारी में भी आराम मिलता है।
- गैस की समस्या में राहत पहुंचाता है।
- ऑयरन की कमी को दूर किया जा सकता है।

**मिट्टी के बर्तनों के रेट: प्रति यूनिट**

छोटा मटका : 70 रुपये
छोटी हांडी : 60 रुपये
बड़ा मटका : 100 रुपये
छोटी झाझर : 100 रुपये
बड़ी झाझर : 120 रुपये
टोंटी वाला बड़ा मटका : 150 रुपये
टोंटी वाला छोटा मटका : 120 रुपये
झाल : 250 रुपये
सुराही : 150 रुपये
कलश : 30/40 रुपये
मिट्टी का तव्वा : 30 रुपये
मिट्टी का तव्वा स्टैंडवाला : 50 रुपये
बुगनी/गुल्लक : 20, 30, 70 रुपये
गमला : 60 रुपये
परिंडा/सिकौरा : 30-100 रुपये
मटके का स्टैंड : 40 रुपये



नारनौल। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से दी महाराणा प्रताप को श्रद्धांजलि

**नारनौल।** बच्चों में अपनी संस्कृति, सभ्यता एवं राष्ट्र के प्रति लगाव तथा सम्मान का भाव भरने के लिए महापुरुषों की जयंती मनाने से बढ़िया कोई माध्यम हो ही नहीं सकता। महान पुरुषों की जीवनी उनके लिए जीवंत प्रेरणा का स्त्रोत बनती है। इन्हीं भावों को ध्यान में रखते हुए बीपीएस स्कूल में प्रातःकालीन सभा में प्रताप जयंती उत्साह व उमंग के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में प्रेरणा स्त्रोत के रूप में संस्था वाइस चेयरमैन कमल संघी व सहसचिव डा. कर्ण चौधरी मौजूद थे। इस अवसर पर कक्षा सातवीं व आठवीं के विद्यार्थियों ने एक लघु नाटिका पराक्रमी प्रताप के माध्यम से उनके राज्याभिषेक से लेकर मृत्यु तक की जीवनी विशेषकर उनके द्वारा लड़ा गया हल्दीघाटी का युद्ध का चित्रण एवं मंचन दर्षकों के मनोमस्तिष्क को छू गया। छात्रा सीरत ने महाराणा प्रताप का रोल अदा करते हुए कहा कि भामाशाह ना होते तो महाराणा की तलवार ना होती। छात्रा ने मेवाड़ के कल्याण के लिए भामाशाह द्वारा दिए गए अप्रतीम योगदान को भी प्रदर्शित किया। वहीं छात्रा रिधिमा ने कन्हैया लाल सेठिया द्वारा रचित प्रसिद्ध कविता पाथल एवं पीतल का सुंदर कविता पाठ किया।

# कांग्रेस की लहर में बह जाएगी बीजेपी

- बीजेपी के पास नहीं है गिनवाने लायक एक भी काम, किस अधिकार से मांग रही वोट: हुड्डा
- सरकार बनने पर घोषणा पत्र की सभी बातों को किया जाएगा पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़



पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का कहना है कि कांग्रेस की लहर में इस बार बीजेपी पूरी तरह बह जाएगी। क्योंकि हरियाणा की 36 बिरादरी ने बीजेपी को हराकर कांग्रेस को जीतने का मन बना लिया है। उक्त विचार पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने वीरवार को भिवानी में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहें। इस मौके पर उन्होंने भिवानी-महेंद्रगढ़ से प्रत्याशी राव दान सिंह के लिए वोट की अपील की। सम्मेलन में पूर्व मंत्री वासुदेव शर्मा ने अपने सैंकड़ों कार्यकतार्ओं के साथ कांग्रेस ज्वाइन की। भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व व कांग्रेस की नीतियों में भरोसा व्यक्त करते हुए शर्मा ने कांग्रेस का दामन थामा। वासुदेव शर्मा ने राव दान सिंह की बड़े अंतर से जीत का दावा किया। सरकार बनने पर 30 लाख सरकारी नौकरी, हर शिक्षित युवा को 10 हजार सालाना की अप्रेंटिसशिप, महिलाओं को 10 हजार रुपये सालाना की आर्थिक मदद, किसानों को एमएसपी की गारंटी, आंगनवाड़ी, मिड डे मील वर्कर और आशा वर्कर्स को दोगुनी तनख्वाह दी जाएगी। हार की हताशा बीजेपी के नेताओं और तमाम कार्यक्रमों में स्पष्ट देखी जा सकती है। कार्यकर्ता सम्मेलन में मंच संचालन प्रदीप गुलिया द्वारा किया गया। मंच से राजपूत समाज ने भी बीजेपी के प्रति अपना रोष जाहिर किया।

# भाजपा के साथ देश व प्रदेश की जनता: धर्मबीर

- महाराणा प्रताप जयंती पर किया नमन, शहर में आज निकाला जाएगा रोड शो

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

भिवानी.महेन्द्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी निवर्तमान सांसद धर्मबीर सिंह ने लोहारू विधानसभा क्षेत्र के गांव ढाणी बल्हारा, ढाणी धिरजा, ढाणी हूणात, खेड़ा, धुलकोट, रूपाणा, बड़वा, नलोई, गुरेरा,किकराल, देवसर, ढाणी सिलाबाली, लीलस, सैनीवास, झुपा खुर्द, झुपा कलां, मिठठी, मोरका, मतानी, ढाणी भाकरा, बिधवान, घंघाला, बुधशैली, गौंडावास, बख्तावरपुर, मोहीला, गढवा खरकडी, शेरपुरा, कालोद, गुढा, सिवाच, मंढोली खुर्द, कलाली, तलवानी आदि गांवों का दौरा करते समय ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि लोहारू हल्के के विकास में भाजपा सरकार ने कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने कहा कि लोहारू के हर टैल तक सिंचाई का पानी पहुंचाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बनने पर हल्के के विकास को नई दिशा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि दिन प्रतिदिन जनसमर्थन बढ़ता जा रहा है। अगर यह ऐसे ही चलता रहा तो पहले से भी अधिक मतों से जीत दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा कि विकास के मामले में क्षेत्र में कोई भी कमी नहीं छोड़ी जाएगी चाहे वो पानी का मामला हो, चाहे वो उद्योग स्थापित करने का मामला होए क्षेत्र में बड़े.बड़े उद्योग स्थापित किए जाएंगे। इस दौरान बहल में चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया और गांव बड़वा में वीरोशिरोमणी महाराणा प्रताप की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि हमें महापुरूषों के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढन्ना चाहिए। जिला सहमीडिया प्रभारी व विधानसभा मीडिया प्रमुख सोनू सैनी ने बताया कि 10 मई को प्रातः9 बजे लोकसभा प्रत्याशी निवर्तमान सांसद धर्मबीर सिंह द्वारा भिवानी विधानसभा क्षेत्र का शहर में रोड़ शो का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रोड़ शो में विधायक घनश्याम सर्राफ, जिला अध्यक्ष मुकेश गौड़ एवं अन्य वरिष्ठ नेतागण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। रोड शो घंटा घर से शुरू होकर सराय चोपटा, बिचला बाजार चौक, महावीर घाटी, भगनपुरी, पुरानी अनाज मंडी, जैन चौक, केएम स्कूल के सामने समापन होगा। इस अवसर पर सुनील शर्मा बहल, रविन्द्र मंढोली, सतबीर चहड़, राजेश चहड़, अरविंद यादव, सरंपच साधुराम बहल, पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल मौजूद रहे।



भिवानी। आयोजित जनसभा को संबोधित करते भाजपा उम्मीदवार धर्मबीर सिंह।

## वासुदेव यादव बने भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कोर्डिनेटर

**नारनौल।** भारतीय जनता पार्टी में हरियाणा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सुखविंद्र सिंह श्योरान ने शीर्ष नेतृत्व से विचार-विमर्श के बाद वासुदेव यादव को प्रदेश कोर्डिनेटर (समन्वयक सूक्ष्म सिचाई प्रकल्प) की जिम्मेवारी सौंपी है। इस समय वासुदेव यादव के पास मंडल उपाध्यक्ष एवं नारनौल विधानसभा के सह संयोजक पद भी है। उन्होंने इस नियुक्ति के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह, किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सुखविंद्र सिंह, जिला अध्यक्ष दयाराम यादव, जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा पवन खैरवल का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि वह इस जिम्मेवारी को पूर्ण निष्ठा से निभाएंगे।



## विद्यार्थी इच्छानुसार कर सकेंगे कोर्स का चयन

# कक्षा छठी से विद्यार्थियों को मिलेगी वोकेशनल कोर्स की शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

विद्यार्थियों को रचनात्मक रूप से निखारने के लिए कक्षा छठी से ही तैयारी शुरू की जाएंगी। नए शिक्षा सत्र में सीबीएसई स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थी भी अब सामान्य पाठ्यक्रम के साथ वोकेशनल कोर्स की पढ़ाई करेंगे। कक्षा छठी से ही इसे लागू किया जा रहा है। बोर्ड की ओर से 33 वोकेशनल कोर्स को स्कूलों को जारी किया गया है, जिसमें से अपनी इच्छा से किन्हीं दो कोर्स का चुनाव कर सकते हैं। बता दें कि सीबीएसई बोर्ड वोकेशलन कोर्स को वैकल्पिक कोर्स के रूप में विद्यार्थियों को मुहैया करा रहा था। ऐसे में विद्यार्थी और शिक्षक कोर्स को उतना महत्व नहीं देते थे। जितना कि विज्ञान, गणित सहित अन्य विषयों को देते थे। लेकिन अब विद्यार्थियों की मांग के अनुसार वोकेशनल कोर्स की पढ़ाई कराई जाएंगी। वोकेशनल कोर्स की पढाई 70 प्रतिशत प्रैटिक्ल होगी और 30 प्रतिशत थ्योरी होगी। कक्षा छठी से विद्यार्थियों को रोजगार वोकेशनल कोर्स को वैकल्पिक की जगह अनिवार्य करने की वजह है कि छठी कक्षा से ही विद्यार्थी को रोजगार की दिशा दी जा सकें। अभी तक सीबीएसई रिटेल सर्विस, फाइनेंस, ट्रांसपोर्टेशन, बीमा, आईटी, बैंकिंग, टूरिज्म, होटल मैनेजमेंट, फैशन डिजाइनिंग, स्वास्थ्य, नसिंर्ग, मीडिया मैनेजमेंट, प्रोडक्शन समेत करीब 33 कोर्स संचालित कर रही है। अब इन कोर्सों को बढ़ावा देने के साथ ही अभिभावकों की भूमिका भी बढ़ाई जाएगी। स्कूल स्टूडेंट्स डिमांड के मुताबिक किन्हीं दो विषयों पर वोकेशनल कोर्स का चुनाव कर सकते हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ब्यूटी एंड वैलनेस, डिजाइन थिंकिंग एंड इनोवेशन, फाइनेंशियल लिटरेसी, हैंडीक्राफ्ट, इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी, मार्केटिंग, मास मीडिया, ट्रैवल टूरिज्म, कोडिंग, डाटा साइंस, डिजिटल सिटीजनशिप, लाइफ साइकिल और वैक्सीन, घर में दवा कैसे रखते हैं। ह्यूमिनिटी एंड कॉविड 19 फूड, मास्क मेकिंग, ग्राफिक किताबें, रॉकेट, ब्लॉक प्रिंटिंग, कढ़ाई आदि शामिल हैं।

- सीबीएसई ने जारी किए वोकेशनल कोर्स संबंधित जरूरी दिशा निर्देश

### रचनात्मक को शुरू से पढ़ाने पर फोकस

विजय इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर विजय सिंह यादव टूमना ने बताया कि वोकेशनल कोर्स को लेकर बोर्ड का मकसद छात्रों को रचनात्मक रूप से निखारना हैं। इस कार्य के लिए स्कूल के शिक्षकों की भूमिका भी महत्वपूर्ण होगी। सीबीएसई की ओर से 33 वोकेशनल कोर्स स्कूलों के लिए चलाए गए हैं। इन्हें कक्षा छठी से लागू किया जा रहा है। स्कूलों की ओर से कोर्स शुरू करने का विकल्प दिया गया है।

## जीएल स्कूल में सम्मान समारोह आयोजित

**महेंद्रगढ़।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा जेईई मेंस-2024 का परिणाम घोषित किया गया, जिसमें जीएल पब्लिक स्कूल कनीना के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए परचम लहराया है। जेईई मेंस परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों व अभिभावकों को सम्मानित किया। जिनमें छात्र पार्थ सिंगला ने 99.90 पर्सेंटाइल, दिपेश कुमार ने 98.23, सृष्टि ने 94.60, रश्मि यादव ने 94.30, प्रशांत ने 91.67 पर्सेंटाइल हासिल की है। छात्रों ने यह उपलब्धि रेगुलर कक्षा की पढ़ाई के दौरान प्राप्त की है। सभी बच्चों ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों, माता-पिता और स्कूल प्रबंधन को दिया है। अभिभावक रणधीर ने अपनी पुत्री रश्मि की सफलता पर अपने विचार मंच से संबोधित करते हुए बताया कि इस सफलता में जीएल पब्लिक स्कूल के अध्यापकों का सबसे बड़ा योगदान है, जिन्होंने पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को सही मार्ग दर्शन देकर इस ऊंचाई तक पहुंचाया। उन्होंने बताया कि कोई भी विद्यार्थी जिसके मन में दृढ़ इच्छा, संकल्प व लग्न की भावना हो तो अपने अध्यापकों के दिशा-निर्देश से कोई भी लक्ष्य हासिल कर सकता है।




पार्थ सिंगला और दीपेश कुमार।

### खोड़ में कन्या जन्म पर कुआं पूजन किया

**मंडी अटेली।** गांव खोड़ में पंचायत समिति मेंबर ऊषा देवी व सतबीर शर्मा ने अपनी नवजात पोती हर्षिता के जन्म पर कुआं पूजन व दावत आयोजित कर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को गति दी है। इससे समाज में जागृति आएगी और बेटियों की अच्छी परवरिश की प्रेरणा मिलेगी। उक्त उद्गार प्रमुख समाजसेवी अतर लाल एडवोकेट ने खोड़ गांव में कन्या के कुआं पूजन के अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005